

पेज -3 पर

नागपुर आसपास के 20 गांवों की बुझेगी प्यास

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 212 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, शनिवार 11 जून 2022

16 जून से जिले में शिक्षा के मंदिर फिर होंगे गुलजार

पेज -4 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


## एक नजर

### 50 फीट बोरवेल के नीचे फंसा राहुल



**जांजगीर ।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर जिले में 10 साल का बच्चा खेलने के दौरान बोरवेल में गिर गया है। फिलहाल राहुल को बचाने के लिए रेस्क्यू अभियान जारी है। 30 फीट तक खुदाई हो गई है। पाइप के माध्यम से राहुल का ऑक्सीजन दिया जा रहा है। बोरवेल से राहुल की आवाज और उसकी हलचल पूरी तरह सुनाई और दिखाई दे रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बच्चे को सुरक्षित निकालने के लिए निर्देश दिए हैं। जिला कलेक्टर,पुलिस अधीक्षक भी मौके पर मौजूद हैं। पिहारिद गांव का राहुल साहू (10) पिता लाला साहू रोज की तरह दोपहर में घर के पीछे अपनी ही बाड़ी में खेल रहा था। दोपहर 2 बजे के बाद से उसका कुछ पता नहीं चला है। परिजन भी इस बात से बेखबर थे। पता चला है कि उन्हें इस बारे में तब पता चला, जब घर के ही कुछ लोग बाड़ी की तरफ गए। उस दौरान राहुल के रोने की आवाज आ रही थी। गड्ढे के पास जाकर देखने पर पता चला कि आवाज अंदर से आ रही है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया जा चुका है। बोरवेल का गड्ढा 80 फीट गहरा है। बच्चा लगभग 50 फीट गहराई में फंसा है।

# मंत्री अनिला भेंडिया ने एकीकृत नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र का किया शुभारंभ

रायपुर। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंडिया ने आज नगरपालिका बालोद अंतर्गत एकीकृत नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र का शुभारंभ किया।



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नशामुक्ति केन्द्र में नशे की बुरी लत को खत्म करने, नशे से छुटकारा दिलाने व उससे दूर रहने के लिए परामर्श प्रदान किया जाता है। इससे अब नशे की बुरी लत से प्रभावित लोगों को नशापान से छुटकारा पाने में काफी मदद मिलेगी। नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र में आने वाले लोगों को विभिन्न प्रकार की सुविधाएँ निःशुल्क मिलेगी, जिसमें नशापान से दूर रहने हेतु परामर्श के साथ ही रहने की सुविधा, निःशुल्क स्वास्थ्य जॉच, योगाभ्यास, मेडिटेशन, संगीत, व्यायाम, इंडोरगेम सहित अन्य प्रकार की सुविधाएँ प्रदान की जाएगी। यह नशामुक्ति के क्षेत्र मे एक अच्छा कदम है। कार्यक्रम को संजारी-बालोद विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा ने भी संबोधित किया और लोगों को नशापान के दुष्प्रभाव से बचने प्रेरित किया। इस अवसर पर गणमान्य नागरिकगण व समाज कल्याण विभाग के अधिकारी.कर्मचारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# बीच चौराहे पर पीट-पीट कर फूफा को मार डाला

## दौड़ा-दौड़ा कर पत्थर-लाठी से मारा, पकड़ा गया तो आरोपी बोला-कोर्ट के चक्कर लगा थक गया था

पलारी। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में गुरुवार देर रात 75 साल के बुजुर्ग को उसके ही भतीजे ने पीट-पीट कर मार डाला। आरोपी युवक अपने फूफा को मारने के लिए पूरे गांव में दौड़ाता रहा।



फिर गांव के चौराहे पर पत्थर और लाठी से पीटकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद वहां से भाग निकला। पुलिस ने अगले दिन शुक्रवार को बिलासपुर से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला कसडोल थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, ग्राम कोसमसरा निवासी सौभाग्य चंद रजक (75) अपनी शादी के बाद से ही ससुराल ग्राम कोट में रहता था। उसका अपने साले के परिवार से जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। आरोप है कि साले का बेटा रेखु रजक गुरुवार रात सौभाग्य के घर में घुस आया। दोनों के बीच विवाद होता रहा और फिर रेखु ने उसे मारने के लिए दौड़ा लिया।

### घर से ही पीछा कर मारा पत्थर

*घर से निकल कर सौभाग्य गांव में भागा तो पीछे-पीछे रेखु भी दौड़ा। आरोप है कि उसने पीछे से सौभाग्य को पत्थर मारे। सौभाग्य गांव के चौराहे पर गिरा तो रेखु ने उसे लाठी से पीट-पीट कर मार डाला। इसके बाद वहां से भाग निकला। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ग्रामीणों से पूछताछ में पता चला कि दोनों परिवारों के बीच जमीन विवाद है।*

### कोर्ट के चक्कर से थका, तो मार दिया

*इस पर परिजनों से पूछताछ की गई और आरोपी को पकड़ने के लिए दो टीमें बनाईं। इस बीच सुबह पुलिस को रेखु के बिलासपुर में छिपे होने का पता चला। वहां से भी रेखु भागने की फिराक में था। इससे पहले ही पुलिस ने पहुंच कर दबोच लिया। पूछताछ में उसने बताया कि जमीन के मामले में कोर्ट में पेशी काट कर थक गया था। इसके कारण गुस्सा था और इसी में हत्या कर दी।*

# राजधानी में चाकू मारकर युवक की हत्या

## पुराने झगड़े को लेकर 2 लोगों ने मिलकर पहले पीटा, फिर हमला कर भागे थे, अब गिरफ्तार

**रायपुर।** गुरुवार की देर रात रायपुर शहर में एक युवक का मर्डर करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। युवक की चाकू मारकर हत्या करने वाले बदमाशों की उम्र सिर्फ 18 और 19 साल है। दोनों युवकों को गिरफ्तार कर पुलिस इनसे हत्या को लेकर पूछताछ कर रही है। मामला शहर के संतोषी नगर इलाके का है। यहां सरकारी स्कूल के पास अमान खान नाम के एक युवक पर दो बदमाशों ने चाकू से हमला किया था। बुरी तरह से जख्मी हो चुके अमान को अंबेडकर अस्पताल ले जाया गया था। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। रात से ही पुलिस को इस वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों की तलाश थी, जिन्हें अब पकड़ लिया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक वारदात के वक्त मोहल्ले कुछ लोगों ने हमलावरों को देखा था, उसने मिले इनपुट के आधार पर युवकों को पकड़ा गया। इस मामले में पुलिस ने महेंद्र बाघ उर्फ बोचू (18) गोविंद जोशी उर्फ बब्बू (19) को गिरफ्तार किया है। यह दोनों ही युवक संतोषी नगर इलाके की रहने वाले हैं । पहले से ही अमान खान को जानते थे और इनके बीच पुराने झगड़े भी चल रहे थे।



### पिता ने खोला कत्ल का राज

अमान के पिता अब्दुल असद खान ने पुलिस को बताया है कि बेटा अमान बीती रात करीब 11:30 बजे के आसपास अपने बुलेट लेकर निकला था।

भिलाई इस्पात संयंत्र में 9 दिनों में 4 हादसा, 2 की मौत 8 लोग घायल

# लापरवाही पर 2 महाप्रबंधक सस्पेंड, बदले गए 2 सीजीएम

रायपुर। स्टील अथॉरिटी आफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की सबसे बड़ी इकाई भिलाई इस्पात संयंत्र (BSP) में लगातार हो रहे हादसों के बाद अफसरों की लापरवाही सामने आई है।



संयंत्र के अंदर 9 दिन में 4 हादसे हुए, जिसमें 2 ठेका श्रमिकों की मौत हो गई, वहीं 8 लोग घायल हुए हैं। लगातार हादसों ने संयंत्र प्रबंधन के सेफ्टी दावों की पोल खोल दी है। गुरुवार को हुए ताजा हादसे के बाद बीएसपी प्रबंधन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 महाप्रबंधकों को सस्पेंड कर दिया है। वहीं दो सीजीएम का डिपार्टमेंट बदल दिया गया है।

बता दें भिलाई इस्पात संयंत्र में 9 दिनों में 4 हादसे हुए। गुरुवार को एसएमएस-2 के कनवर्टर क्रमांक-1 में लांस ड्राइव रिड्यूसर का चैन स्लिप होकर वहां कार्यरत एमजे इंटरप्राईजेस के ठेका श्रमिक अर्जुन साहू के सिर पर गिरा। उसे गंभीर हालत में मेन मेडिकल पोस्ट लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इससे पहले एक जून को भी पुरैना निवासी राहुल उपाध्याय की मौत हादसे में हो चुकी है। 3 जून को स्टील मेल्टिंग शॉप में हुए हादसे में मानसिंह ठाकुर, ठेका कर्मचारी गिरी कुमार और भूषण लाल घायल हुए। 4 जून स्टील मेल्टिंग शॉप-2 में हुए हादसे में 4 लोग झुलस गए थे, जिसमें बीएसपी कर्मी चंद्रशेखर साहू, संजय कुमार, शैलेंद्र सिंह और योगेश कुमार शामिल हैं। लगातार हादसों ने संयंत्र प्रबंधन की चिंता बढ़ा दी है।

# छत्तीसगढ़ को मिले आठ नए आईपीएस

**रायपुर ।** मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स ने 2020 बैच में चयनित आईपीएस को कैडर अलॉट कर दिया है। इनमें से छत्तीसगढ़ को 8 आईपीएस मिले हैं जिसमें से दो होम कैडर के अफसर शामिल हैं।

2020 यूपीएससी में 94 रैंक हासिल करने वाले जनरल कैटेगिरी के कवर्धा के रहने वाले आकाश कुमार श्रीमाल को छतीसगढ़ कैडर अलॉट हुआ है। आकाश ने एनआईटी रायपुर से अपनी पढ़ाई की है तथा वे अपने पहले ही प्रयास में ही आईपीएस सलेक्ट हुए हैं।

इनके अलावा जनरल कैटेगिरी से ही बिहार के अमन कुमार झा को छत्तीसगढ़ कैडर अलॉट किया गया है। उन्होंने 400 रैंक लाकर यूपीएससी क्वलिफाई किया था। इसी तरह जनरल कैटेगिरी से यूपीएससी में 418 रैंक लाने वाले महाराष्ट्र के अक्षय प्रमोद सबदारा को भी छत्तीसगढ़ कैडर अलॉट किया गया है।

# कोई भी पात्र वन अधिकार पत्र से वंचित न रहेः शम्मी आबिदी

## वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में जिलों के मास्टर ट्रेनर्स का रिफ्रेशर प्रशिक्षण

**रायपुर।** आयुक्त सह-संचालक आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान ;ज्त्प्द्ध श्रीमती शम्मी आबिदी ने कहा कि वन अधिकार प्राप्त करने से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे। व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन अधिकारों की मान्यता हेतु अपनाई जा रही प्रकिया का पूर्ण पारदर्शिता एवं सतर्कता के साथ पालन किया जाए। श्रीमती आबिदी आज वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में जिलों के मास्टर ट्रेनर्स के एक दिवसीय राज्य स्तरीय पुनश्चर्या (रिफ्रेशर) प्रशिक्षण का शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रही थीं। एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्रीमती आबिदी ने कहा कि मास्टर ट्रेनर्स इस प्रशिक्षण सत्र का पूरा लाभ लें, ताकि जिलों में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मैदानी स्तर के अमले तथा वन अधिकार से संबंधित प्राधिकारियों को प्रभावी रूप से प्रशिक्षण दिया जा सके। ताकि जिलों में विशेषकर ग्राम सभा स्तर पर वन अधिकारों के बारे में पर्याप्त जागरूकता हो सके तथा अधिनियम के क्रियान्वयन करने में आ रही व्यावहारिक कठिनाईयों का नियमानुसार समाधान हो सके। उन्होंने एसडीएलसी द्वारा ग्राम सभाओं को आवश्यक जानकारी, अभिलेख भी उपलब्ध कराने के संबंध में मास्टर ट्रेनर्स को जिलों में वन अधिकार प्राधिकारियों को प्रशिक्षण दिए जाने के निर्देश दिए।



# सीआरपीएफ के जवानों ने किया 5 किलो का जिंदा आईईडी बरामद

**दंतेवाड़ा ।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत कमारगुड़ा कैम्प से 10 जून 2022 को सीआरपीएफ 231 बटालियन के जवान कमाण्डेंट सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में कोण्ड़ासांवली से जगरगुण्ड़ा के मध्य सड़क निर्माण कार्य की सुरक्षा के लिए रवाना हुए थे, वापसी के दौरान कमारगुड़ा कैंप से लगभग एक किलोमीटर पहले ग्राम दुर्मा में सीआरपीएफ के खोजी कुत्ते द्वारा संदिग्ध आईईडी होने का ईशारा किया इसके उपरान्त डॉग हेण्ड़लर और बीडीडीएस द्वारा आस-पास के ईलाके की सतर्कता पूर्वक छान-बीन किया गया जिसमें कुछ तार दिखाई दिया और उस क्षेत्र को पूरी तरह बारीकी से जांच करने पर नक्सलियों द्वारा लगाये गये 05 किलो का जिंदा आईईडी कमाण्ड़ वायर एवं अन्य सामग्री बरामद कर बीडीडीएस की टीम ने मौके पर ही निष्क्रीय कर दिया।

छत्तीसगढ़ में खाद की कमी — भाजपा ने कांग्रेस को बताया जिम्मेदार

# केंद्र नहीं भेज रही यूरिया किसान परेशान- कांग्रेस

रायपुर। छत्तीसगढ़ में खाद की कमी है। इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस एक-दूसरे पर निशाना साध रही है कांग्रेस का आरोप है कि केंद्र छत्तीसगढ़ के साथ दोहरा रवैया अपना रहा है दूसरी तरफ भाजपा ने कांग्रेस को इस स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराया।



जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

कांग्रेस के संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा- ये लगातार दूसरे साल है जब लगातार भेदभाव किया जा रहा है। केंद्र की सरकार जानबूझकर छत्तीसगढ़ के किसानों को परेशान कर रही है। हमारी मांग के अनुरूप पिछले साल सिर्फ 42 परसेंट ही खाद मिली थी। इस बार 13 लाख 50 हजार मिट्रिक टन की मांग की गई थी, मगर अब तक सप्लाई कम ही रही है। अब तक आधी ही सप्लाई हुई है। अब इससे किसानों को परेशानी होगी, ये केंद्र का छत्तीसगढ़ विरोधी रवैया है। अब इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ेगा।

इसके जवाब में नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा लगातार हम देख रहे हैं गर्मी और खरीफ में खाद की कमी रही। फिर से कमी आने की संभावना है। ब्लैक मार्केटिंग हो रही है। 265 का यूरिया 700 और 1200 डीएपी को 1800 में बिक रहा है। केंद्र से जो खाद मिल रही है उसका आबंटन सोसायटी में नहीं हो रहा है, कांग्रेस की वजह से सोसायटी में खाद नहीं आ रही। कांग्रेस केंद्र के ऊपर आरोप लगा रही हैं लेकिन सोसायटी में ठीक तरह से आबंटन भी होना चाहिए। कांग्रेस किसानों की शुभचिंतक नहीं है।

### सरकार की तरफ से ये कहा गया

*खाद की कमी को लेकर प्रदेश सरकार की तरफ से कहा गया है कि केन्द्र से छत्तीसगढ़ को रासायनिक उर्वरकों की मांग की तुलना में कम आपूर्ति हो रही है। अप्रैल और मई में छत्तीसगढ़ को एक लाख 9 हजार मेट्रिक टन कम यूरिया मिला। 3.29 लाख टन यूरिया की बजाए सिर्फ 2.20 लाख टन यूरिया ही मिला। अब छत्तीसगढ़ शासन रासायनिक उर्वरक और फर्टीलाइजर कंपनियों के पदाधिकारियों से लगातार संपर्क कर अब सप्लाई बढ़ाने की कोशिश में है।*

NIA का 21 नक्सलियों पर 1.25 करोड़ का इनाम

# गगन्ना पर 50 लाख और माड़वी हिड़मा पर 25 लाख का इनाम, झीरम हमले में थे शामिल

**रायपुर/जगदलपुर।** नेशनल इंवेस्टीगेशन एजेंसी यानी NIA ने 21 नक्सलियों पर 1.25 करोड़ रुपए से ज्यादा का इनाम घोषित किया है। इनमें नम्बाला केशव राव उर्फ गगन्ना के खिलाफ 50 लाख और नक्सली कमांडर हिड़मा उर्फ हिड़मन्ना उर्फ माड़वी हिड़म उर्फ हिडमालु उर्फ संतोष के खिलाफ 25 लाख रुपए का इनाम रखा गया है। ये नक्सली छत्तीसगढ़ सहित तेलंगाना और आंध्रप्रदेश में भी सक्रिय होने के साथ ही झीरम हमले में भी शामिल रहे हैं। दरअसल, झीरम में 25 मई 2013 को हुए नक्सली हमले में कांग्रेस के कई बड़े नेताओं सहित 32 लोग शहीद हो गए थे। इस मामले की जांच NIA को सौंपी गई थी। NIA ने जांच पूरी कर ली है। इसके साथ ही झीरम सहित अलग-अलग अनेक वारदातों में शामिल नक्सलियों की तलाश की जा रही है। इसे लेकर NIA ने वांटेड नक्सलियों की लिस्ट जारी कर उन पर इनाम की घोषणा की है। इन नक्सलियों के बारे में जानकारी देने वाले का नाम-पता गुप्त रखा जाएगा। वांटेड इनामी नक्सलियों की लिस्ट में गगन्ना और हिड़मा सहित 7-7 लाख रुपए के दो, 5-5 लाख के 4, 2.50-2.50 लाख के 3, एक-एक लाख के 8 और 50-50 हजार रुपए के दो शामिल हैं।



# हिंदुत्व के वर्चस्व का ठौर-ठिकाना और शीर्ष नेतृत्व से नाराजगी

इन दिनों मोदी विरोधी बहुत खुश हैं कि अब भाजपा गई! इस्लामी देशों के दबाव में भाजपा को अपने विवादित मीडिया प्रवक्ता व इनचार्ज को हटाना पड़ा! जो हिंदुत्ववादी विमर्श पिछले आठ साल से सबको रगड़ रहा था, उसे पहली बार मुंह की खानी पड़ी! उसकी सारी अकड़ निकल गई। उसे अपनी औकात मालूम पड़ गई! वह अब वैसा एजेंडा नहीं चला सकती, जो चलाती आई थी और इस तरह भाजपा अब गई कि अब गई।

इस बात में दम है। जो भाजपा किसी की नहीं सुनती थी, उसे इस्लामी देशों के दबाव में अचानक घुटने टेकने पड़े।

उसका दंभ टूटा। इसीलिए आज भाजपा के निंदकों के डौले चौड़े हुए दिखते हैं। इस खुशी के कारण भी कम नहीं - सब जानते हैं कि इस घटना के बाद भाजपा में अंतर्कलह बढ़ी है। कई कार्यकर्ता कह रहे हैं कि नूपुर शर्मा को निकालकर भाजपा ने 'यूज ऐंड थ्रो' की नीति अपनाई है। इसके बाद कोई प्रवक्ता मीडिया में आकर उसके लिए क्यों अपनी जान लड़ाएगा? जरा-सा इधर-उधर होते ही पार्टी उसे निकालकर पल्ला झाड़ लेगी। वह अकेला रह जाएगा। भाजपा की एक नेता ने कहा भी कि पार्टी ने सही किया, लेकिन नूपुर को भेड़ियों के बीच फेंक दिया! इस घटना के बाद संघ के भीतर भी कम बेचैनी नहीं है।

## भाजपा की नई लाइफ लाइन

संघ के कई कार्यकर्ता तो मोहन भागवत के उस बयान से ही नाराज नजर आते हैं जिसमें उन्होंने कहा था कि 'हर मस्जिद में शिवलिंग क्या खोजना?' ये क्या बात हुई? कल तक आप 'तीस हजार' या कि 'अड़तालीस हजार' मंदिरों के तोड़े जाने की बात बताते थे और उनकी वापसी की सोचते थे और संघ के प्रवक्ता इसे मीडिया में दोहराते थे, लेकिन आपने एक बयान से उन सबको 'झूठा' साबित कर दिया। अब वे क्या कहें? एक स्वामी जी तक ने इसे चुनौती दी। एक वीएचपी वाले तक ने उनके इस वक्तव्य को 'तुष्टीकरण' बताया। जाहिर है, पहली बार संघ के प्रमुख से उसके अनेक सदस्यों की नाराजगी सामने आई, जो बताती है




**कहने की जरूरत नहीं कि इस्लामी देशों का एक सुर में बोलना संघ/भाजपा की उस रणनीतिक लाइन को ही रेखांकित करता है, जो कहती रही है कि 'मुस्लिमों के लिए बोलने वाले सत्तावन इस्लामी देश हैं, वे दुनिया के दो अरब मुस्लिमों को एक राष्ट्र की तरह बोलने को कहते हैं, लेकिन हिंदुओं के लिए बोलने वाला कौन है**

कि इन दिनों संघ की ऑफिशियल लाइन के प्रति भी गहरा क्षोभ है। संघ वाले सोचते थे कि भाजपा राजनीतिक जरूरत के हिसाब से आगे-पीछे कर सकती है, पर संघ ऐसा नहीं कर सकता। वह किसी बात पर आगे-पीछे नहीं होता और न हो सकता है। भाजपा से नाराजगी का तीसरा रूप वह है, जो आम हिंदू पब्लिक में दिख रहा है। पिछले सात-आठ साल से मीडिया में नित्य हो रहे हिंदुत्ववादी विमर्शों को अपने दिल की बात मानकर चलने वाली आम हिंदू जनता ने एक नया हिंदुत्ववादी 'पब्लिक स्फीअर' बनाया है।

वह भारत को 'हिंदू राष्ट्र' की तरह देखती है। वह हिंदुत्व के वर्चस्व में अपना वर्चस्व देखती है और हिंदुत्ववादी मुहावरे में सोचती है। महंगाई, बेरोजगारी की हजार तकलीफों के बावजूद वह भाजपा, प्रधानमंत्री और संघ को हर हाल में सही ठहराती है, वही आज क्षुब्ध होकर कह रही है कि भाजपा कायरों की पार्टी है, इससे कुछ नहीं हो सकता। पिछले आठ-दस दिनों में इस लेखक की कई लोगों से बातें हुईं। उन सबने भाजपा और उसके नेतृत्व को एक स्वर से रीढ़विहीन और अवसरवादी बताया और कहा कि जो भाजपा अपने बंदों की भी सगी न हुई, वह किसकी सगी होगी?

हम इसे वोट क्यों दें? वे भाजपा की नरम लाइन के मुकाबले और गरम लाइन को पसंद करने वाले नजर आए। इतना ही नहीं, भाजपा के इस तरह पीछे हटने का असर मीडिया के उस हिस्से पर भी पड़ा है, जो कल तक भाजपा के सुर में सुर मिलाता हुआ 'राष्ट्रवाद' की वकालत करता था, जो आए दिन 'हिंदुत्व बरक्स इस्लाम' कराता रहता था और इस तरह विभाजनकारी बहसों को तूल देता रहता था। इस मीडिया को भी आज पीछे हटता देखा जा सकता है। कई तो अब ऐसे 'डिस्क्लेमर' भी देने लगे हैं, जो कुछ पहले तक नहीं देते थे कि यहां व्यक्त विचारों से चैनल का कोई लेना-देना नहीं।

कहने की जरूरत नहीं कि एक घटना ने भाजपा को एकदम रक्षात्मक बना दिया है, लेकिन ऐसा नहीं कि भाजपा की 'नूपुर-नीति' के लेवाल न हों। बहुत से लोग भाजपा के इसे अल्पसंख्यकों के प्रति उसकी संवेदनशीलता की तरह भी देख रहे हैं, जिसका लाभ उसे 2024 में मिल सकता है। इसके बावजूद भाजपा के अंदर बढ़ती नाराजगी और उग्र लाइन लेने की मांग का पलड़ा भारी लगता है, जिसे भाजपा की गिरती साख पर खुश होने वाले नहीं पहचान रहे कि इसके असली मानी क्या हैं? यहां से यह टिप्पणी उस नई स्थिति का विश्लेषण करने की ओर मुड़ती है, जिसे भाजपा के 'तात्कालिक पराभव' पर खुश होते कथित सेक्यूलर दिमाग नहीं देख पा रहे। और यही भाजपा को एक और 'लाइफ लाइन' देती है, बल्कि उसे और भी मजबूत करने का सामान मुहैया करती है।

सुधीश पचौरी

## संपादकीय

### भारत की जानलेवा सड़कें

सड़क हादसे एक तरह की आपदा हैं, जो अचानक किसी परिवार पर टूट पड़ती है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि इसे रोकने की कोशिशें प्रभावी नहीं हुई हैं। नतीजतन, हादसे अधिक जानलेवा होते जा रहे हैं।

भारत में अगर जान की कीमत समझी जाती, तो बेशक यह एक बड़ी खबर बनती। लेकिन शायद ही इसकी वैसी चर्चा हुई, यह खबर जिसके लायक है। यह खबर बताती है कि सड़क हादसे भारत में लोगों की मृत्यु, विकलांगता, और अस्पताल में भर्ती होने के प्रमुख कारणों में से एक हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस बारे में एक रिपोर्ट तैयार की है। उसके मुताबिक दुनिया भर में सड़क हादसों में मरे 10 लोगों में से कम से कम एक भारत से होता है। भारत के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 卐रोड एक्सिडेंट्स इन इंडिया-2020卐 नाम की रिपोर्ट के मुताबिक सड़क पर घातक दुर्घटनाओं की चपेट में सबसे अधिक युवा आ रहे हैं। उसका उनके परिवारों पर क्या असर होता है, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। रिपोर्ट कहती है कि साल 2020 के दौरान राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 3,66,138 सड़क हादसे हुए, जिनमें 1,31,714 लोगों की जान गई और 3,48,279 लोग घायल हुए। हर एक सौ सड़क हादसे में 36 लोगों की जान गई, जबकि 2019 में ये संख्या 33 थी।

यानी उस साल सड़कों पर अधिक मौत हुई, जिसमें कई महीने लॉकडाउन में गुजरे थे। 2020 में सड़क हादसों की चपेट में आने वालों में 18-45 साल के आयु वर्ग युवा वाले वयस्कों का हिस्सा 69 प्रतिशत था। जबकि 18-60 वर्ष के लोगों की हिस्सेदारी कुल सड़क दुर्घटनाओं में 87.4 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में बताया गया कि 2020 में ट्रैफिक नियम उल्लंघन की श्रेणी के तहत ओवर स्पीडिंग के तहत 69.3 फीसदी लोगों की मौत हुई, जबकि गलत दिशा में गाड़ी चलाने से हुए हादसे में 5.6 फीसदी लोगों की जान गई।

## भारत में मुश्किलों के बीच उभरते स्टार्ट अप, कई गुना अधिक वेतन और अवसर

भारत को इस पर गर्व है कि यहां दुनिया में तीसरी सबसे ज्यादा स्टार्ट अप कंपनियां हैं और प्रधानमंत्री ने पिछले दिनों अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में गर्व से इसका जिक्र किया। इनमें से सौ से भी ज्यादा कंपनियों का मूल्यांकन एक-एक अरब डॉलर से ज्यादा का है। इनमें से 44 ने तो पिछले साल ही यह दर्जा हासिल किया है। भारतीय स्टार्ट अप के अरबपति बनने की दर तो अमेरिका और इंग्लैंड के स्टार्ट अप से भी कहीं ज्यादा है। ये एडटेक, फिनटेक, बायोटेक, ई-कॉमर्स यानी सभी क्षेत्रों में हैं।

पेटीएम, फ्लिपकार्ट, ओला, बिग बास्केट, बाईजू, ग्रोफर्स जैसी भारतीय स्टार्ट अप कंपनियों को बच्चा-बच्चा जानता है। उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़े के मुताबिक, इस साल मई तक देश में कुल 69,000 स्टार्ट अप कार्यरत थे। इस साल के पहले चार महीनों में 14 स्टार्ट अप यूनिकॉर्न बने-यानी जिनका वैल्यूशन एक अरब डॉलर से अधिक हो। दूसरी ओर, स्टार्ट अप कंपनियां धड़ाधड़ अपना शटर गिरा रही हैं या बड़े पैमाने पर छंटनी कर रही हैं।

एक सर्वे के मुताबिक, नामी-गिरामी स्टार्ट अप कंपनियों ने इस साल 9,000 से भी अधिक कर्मचारियों की छंटनी की। दरअसल इस साल स्टार्ट अप कंपनियों की विदेशी फंडिंग कम होकर आधी रह गई है, जबकि उनके खर्च जस के तस रहे। स्टार्ट अप कंपनियों में कई गुना अधिक




**अभी बाजार के जो हालात हैं, उनसे लगता है कि स्टार्ट अप के क्षेत्र में जोखिम बहुत अधिक हैं, जबकि सफलता की गुंजाइश कम। यही कारण है कि 90 फीसदी स्टार्ट अप शुरू होने के थोड़े दिन बाद ही बंद हो जाते हैं। इसके बावजूद यह कह देना जल्दबाजी होगा कि स्टार्ट अप के बुरे दिन आ गए हैं।**

वेतन देना आम बात है। पिछले कुछ साल के दौरान वेंचर कैपिटल फर्म और निजी पूंजी लगाने वालों में पैसे निवेश करने की होड़ थी। उन्हें एक नया क्षेत्र दिख रहा था, जिसमें पारदर्शिता थी और जो टेक्नोलॉजी से भरपूर था। लेकिन लॉकडाउन तथा बढ़ती महंगाई ने भारतीय स्टार्ट अप में धन के प्रवाह पर रोक लगा दी।

परिवहन के बढ़े हुए खर्च ने भी स्टार्ट अप कंपनियों के लिए मुसीबत पैदा की। स्कूल-कॉलेजों के खुलने से उन एडटेक कंपनियों की स्थिति खराब हो गई, जो महामारी के दौरान ऑनलाइन पढ़ाई के जरिये फल-फूल रही थीं। स्टार्ट अप दरअसल एक सोच है, जिसे मूर्त रूप देना होता है। उसमें खुद भी पैसा लगाना होता है, लेकिन अपने यहां ज्यादातर स्टार्ट अप अपनी कंपनी बनाने के बाद विदेशी निवेश की प्रतीक्षा करते हैं, वेंचर कैपिटल फर्म से बातचीत करते हैं और जल्दी से जल्दी स्थापित हो जाना चाहते हैं।

इसके लिए वे अपने स्टार्ट अप का वैल्यूशन बढ़ाते जाते हैं, ताकि निवेशक आकर्षित हों। वैल्यूशन तो बड़ा हो जाता है, पर उनकी वैल्यू न के बराबर होती है, क्योंकि उनकी बैलेंस शीट में दिखाने को कुछ नहीं होता। अगर कुछ है, तो एक आइडिया और नई टेक्नोलॉजी का समावेश। पर धन के अभाव में वे दम तोड़ने लगते हैं। आज ज्यादातर चीजें ऑनलाइन हैं और स्मार्टफोन पर आसानी से उपलब्ध हैं। ऐसे में, उनके लिए लक्ष्य तक पहुंचना आसान रहता है। पर उनका बिजनेस मॉडल बहुत स्पष्ट नहीं होता। अगर होता भी है, तो उसमें तुरंत लाभ कमाने की गुंजाइश कम होती है, जैसा हमने पेटीएम के मामले में देखा। इन्हें अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए लगातार फंड लाना पड़ता है। उन्हें बार-बार फंड तभी मिल सकता है, जब निवेशक को यह लगता रहे कि इस कंपनी में निवेश का उसे अच्छा रिटर्न मिलेगा। अब जो नया दौर दिख रहा है, उसमें बड़ी कंपनियां ही अपना स्टार्ट अप लेकर उतरेंगी।

मधुरेंद्र सिन्हा

## मिला जुला

सफलता कहानी

## सामुदायिक बाड़ी से जुड़कर मॉडल गौठान रजौटी के चम्पा स्व.सहायता समूह की महिलाएं आर्थिक रूप से बन रही सम्बल

1 लाख 35 हजार प्राप्त कर चुके आमदनी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जशपुर जिले में गौठान के माध्यम से स्व.सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने विभिन्न प्रकार के आजीविका मूलक योजनाओं से जोड़ा जा रहै। जिससे वे आत्मनिर्भर बन सके और अपने परिवार की आर्थिक मदद प्रदान कर सके। इसी कड़ी में कांसाबेल के मॉडल गोठान ग्राम रजौटी गौठान की चम्पा स्व.सहायता समूह की महिलाएं मल्टीएक्टीविटी के तहत गोठान की उपलब्ध भूमि में सामुदायिक बाड़ी में सब्जी उत्पादन कार्य हेतु 0.400 हे.भूमि का चयन किया गया। जिसमें जिला प्रशासन के सहयोग से ड्रीप सिस्टम लगाया गया है। समूह की महिलाओं ने बताया कि सामुदायिक बाड़ी में सब्जी उत्पादन के लिये उद्यान विभाग एवं एनआरएलएम विभाग द्वारा उचित मार्गदर्शन किया गया।



**महिलाओं ने आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला प्रशासन का जताया आभार**

समुह के सदस्यों द्वारा सब्जी एवं मसाला उत्पादन कार्य हेतु उद्यान विभाग एवं एनआरएलएम विभाग द्वारा दिये गये तकनिकी सलाह अनुसार उन्नत विधियों ड्रीप सिस्टम, मल्चिंग का उपयोग करते हुये सब्जी उत्पादन कार्य किया जा रहा है। सामुदायिक बाड़ी में लगाये गये सब्जी का विक्रय स्थानीय बाजार में कर रहे हैं एवं मसाला हेतु हल्दी, धनिया, मिर्च पाउडर उत्पादन करके जिला में स्थापित सी-मार्ट हेतु मांग अनुसार मसालों की आपूर्ति कर रहे है। उन्होंने बताया कि सामुदायिक बाड़ी में गौठान की भूमि पर सब्जी एवं मसाला उत्पादन कार्य हेतु टमाटर, बैंगन, मिर्च, कद्दूवर्गीय, आलू, हल्दी, प्याज, भिण्डी, धनिया, अदरक एवं सब्जी का रोपण किया गया। जिसमें समूह को 20 हजार की लागत आई। उन्होंने बताया कि बाड़ी में सब्जियों का उत्पादन अच्छा हुआ है। जिससे अब तक उन्होंने 1 लाख 35 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई है। साथ ही उन्होंने कहा कि सामुदायिक बाड़ी से आय प्राप्त करने के अतिरिक्त समूह के सदस्य गौठान में अन्य मल्टीएक्टीविटी से अतिरिक्त आय प्राप्त कर रहे है। स्थानीय बाजारों में ताजा सब्जियों की मांग भी अधिक होती है जिससे उनके सब्जियां आसानी से विक्रय हो जाते है।



## नूपुर शर्मा के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन

### जुमे की नमाज के बाद प्रयागराज में पत्थरबाजी

**नई दिल्ली।** पैंगबर मोहम्मद पर विवादित टिप्पणी के बाद भाजपा से निष्कासित नेता नूपुर शर्मा के खिलाफ शुक्रवार को देशभर में प्रदर्शन शुरू हो गए। उत्तर प्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक, बंगाल के कई शहरों में जुमे की नमाज के बाद लोग सड़कों पर उतर आए और नूपुर शर्मा के खिलाफ नारेबाजी की। उत्तर प्रदेश के कई शहरों में पथराव और तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं। प्रयागराज में प्रदर्शनकारियों ने [illegible] का ट्रक तक फूंक डाला। कर्नाटक में नूपुर का पुतला लटका दिया।

एक दिन पहले ही नूपुर सहित 33 लोगों के खिलाफ हेट स्पीच देने का मामला दिल्ली पुलिस ने दर्ज किया है। मुंबई में भी उनके खिलाफ एक मामला दर्ज हुआ है। हालांकि

दिल्ली पुलिस ने ही उन्हें सुरक्षा भी प्रदान की है, क्योंकि उन्हें जान से मारने और रेप की धमकियां मिल रही थीं।

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, सहारनपुर, बाराबंकी, मुरादाबाद, उन्नाव, देवबंद समेत कई शहरों में जुमे की नमाज के बाद प्रदर्शन हुए। सहारनपुर में तोड़फोड़ और प्रयागराज में पत्थरबाजी हुई। प्रयागराज में प्रदर्शनकारियों ने [illegible] का ट्रक फूंक डाला। कई जगहों पर हालात काबू करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। भीम आर्मी चीफ सतपाल तंवर ने नूपुर शर्मा की जुबान काटकर लाने वाले को एक करोड़ का इनाम देने का ऐलान किया।



### दिल्ली- शाही इमाम बोले- हम प्रदर्शनकारियों को नहीं जानते

दिल्ली में जामा मस्जिद में जुमे की नमाज के लिए करीब 1500 लोग जमा हुए थे। नमाज के बाद करीब 300 लोग बाहर आए और नूपुर शर्मा के खिलाफ नारेबाजी की। जामा मस्जिद के शाही इमाम ने कहा कि हमारी तरफ से प्रोटेस्ट का कोई कॉल नहीं था।

### कर्नाटक- बेलगावी में नूपुर शर्मा का पुतला लटकाया

कनार्टक के बेलगावी में शुक्रवार को फोर्ट रोड पर एक मस्जिद के पास बिजली के तार से भाजपा की नूपुर शर्मा का पुतला लटका मिला। उन्होंने कहा कि जैसे ही इस मुद्दे ने लोगों में आक्रोश पैदा किया, पुलिस ने नगर निगम के साथ मिलकर इसे तुरंत हटा दिया।

### श्रीनगर और कई अन्य जगहों पर प्रदर्शन

कश्मीर के श्रीनगर और कई अन्य शहरों में नूपुर शर्मा की टिप्पणी के खिलाफ नारेबाजी की गई। यहां भी प्रदर्शन नमाज के बाद ही शुरू हुए। कई पोस्टर भी दिखे, जिसमें पैगंबर मोहम्मद का अपमान करने वाले का सिर काटकर लाने की बात भी कही गई।

## राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष की खराब केमिस्ट्री कैसे आसान कर देगी भाजपा का गणित

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त गुरुवार को जिस समय राष्ट्रपति चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा कर रहे थे, उसी समय राज्यसभा में कांग्रेस के विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कुछ मित्र दलों के नेताओं को टेलीफोन कॉल किए। इस दौरान उन्होंने एक %आम विपक्षी उम्मीदवार% के प्रति एकता की बात रखी, जो कि राष्ट्रपति कोविंद के उत्तराधिकारी के लिए सत्तारूढ़ एनडीए के उम्मीदवार के खिलाफ खड़ा होगा।

सत्ताधारी दल के खिलाफ राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के लिए 'अधिकतम विपक्षी एकता' सुनिश्चित करना आसान काम नहीं है। वह भी तब



सरकार और भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए अपने उम्मीदवार के लिए संभावित बाधाओं को दूर करने में पूरी तरह से लगा हुआ है। राष्ट्रपति भवन में अपने उम्मीदवार को फिर से लाने के लिए एनडीए के वोटों में मामूली कमी है, जिसे दूर करने के लिए दो महत्वपूर्ण क्षेत्रीय दल- बीजद और वाईएसआरसीपी भाजपा पक्ष को आशान्वित रख रहे हैं। वहीं, विपक्षी खेमा पहले से ही आंतरिक दोषारोपण के बोझ तले दब गया है।

## मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट, अगले 5 दिन इन राज्यों में बारिश

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को बताया कि मानसून सामान्य गति से आगे बढ़ रहा है और अगले दो दिनों में इसके महाराष्ट्र पहुंचने की संभावना है. मौसम विज्ञान कार्यालय ने इसके साथ ही 10 और 11 जून को अरुणाचल प्रदेश में और अगले पांच दिनों तक असम व मेघालय में मूसलाधार बारिश (204.4 मिलीमीटर से अधिक) की चेतावनी दी है. गौरतलब है कि देश में वार्षिक बारिश में 70 प्रतिशत बारिश मानसूनी हवाओं से होती है और इसे कृषि आधारित अर्थव्यवस्था के लिए जीवनरेखा माना जाता है. आईएमडी के वैज्ञानिक आर. के. जेनामणि ने बताया कि मानसून



ने 29 मई को केरल तट पर दस्तक दी और 31 मई से सात जून के बीच दक्षिण एवं मध्य अरब सागर, पूरे केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में पहुंच गया था. जेनामणि ने पत्रकारों से कहा, '' मानसून में कोई विलंब नहीं है. अगले दो दिनों में इसके महाराष्ट्र पहुंचने की संभावना है और उसके बाद के दो दिनों में पूरे मुंबई में मानसून पहुंच जाएगा।'

### 'धीमे' सत्येंद्र जैन से ईडी परेशान!

## कोर्ट को बताया- एक पेज लिखने में लगाते हैं 2 घंटे

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में मंत्री सत्येंद्र जैन 13 जून तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में ही रहेंगे। उन्हें अब सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच की आंच का सामना कर रहे जैन के मामले में नया खुलासा हुआ है। खबर है कि ईडी आम आदमी पार्टी के नेता के लिखने की धीमी रफ्तार से भी परेशान है। कहा जा रहा है कि इसी के चलते ईडी की पूछताछ में देरी हो रही है।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने राउज एवेन्यू कोर्ट को बताया, 'वह बहुत ही धीमा लिखते हैं। उन्हें



एक पन्ना लिखने में करीब दो घंटों का समय लगता है। उनके बयान उनकी ही हैंडराइटिंग में लेना जरूरी है नहीं तो वह कहते हैं कि यह मेरा बयान नहीं है।' जैन को ईडी ने 30 मई को गिरफ्तार किया था।

इसके अलावा अधिकारियों के सामने एक चुनौती गवाहों में फैला कथित डर भी है। रिपोर्ट के अनुसार, ईडी ने कहा कि कुछ गवाहों ने कहा है कि उन्हें सत्येंद्र जैन के सामने नहीं लाया जाना चाहिए, क्योंकि उन्हें सुरक्षा को लेकर डर है। राजू ने कोर्ट को बताया, 'कुछ गवाहों ने कहा है कि उन्हें डर है कि अगर उन्हें जैन के आमने-सामने लाया गया, तो इसकी नतीजे होंगे।'

सीबीआई ने आप नेता के खिलाफ साल 2017 में एफआईआर दर्ज की थी। इसी के आधार पर ईडी ने उन्हें 30 मई को गिरफ्तार कर लिया था। उनके अलावा पत्नी पूनम जैन, अजीत प्रसाद जैन, सुनील कुमार जैन, वैभव और अंकुश का नाम भी एफआईआर में शामिल था।

# नागपुर आसपास के 20 गांवों की बुझेगी प्यास

**स्थायी जल प्रदाय सुनिश्चित करने जल जीवन मिशन अंतर्गत लाई समूह जल प्रदाय योजना में जोड़ा जाएगा, मिली प्रशासकीय स्वीकृति निविदा स्तर पर कार्यवाही जारी**

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

नागपुर एवं इनके समीपस्थ 20 अन्य पेयजल समस्या ग्रस्त ग्रामों में स्थायी जल प्रदाय सुनिश्चित करने के लिये जल जीवन मिशन के अंतर्गत लाई समूह जल प्रदाय योजना में इन गांवों को जोड़ा जा रहा है।



उक्ताशय की जानकारी देते हुए कार्यपालन अभियंता पीएचई ने बताया कि नागपुर में 42 हैण्डपम्प स्थापित है जिसमे से 40 हैण्डपम्प चालू है। गांव के जल स्तर अत्याधिक कम होने के कारण चालू हैण्डपम्प रूक.रूक कर पानी दे रहे हैं जिससे पेयजल आपूर्ति हो रही है। आम जन की समस्या का समाधान करने के लिए हैण्डपम्पों में राईजर पाईप 130 फीट बढ़ाया जा कर जल प्रदाय करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त नागपुर के रेलवे स्टेशन से नागपुर चौक के क्षेत्रों में चिरमिरी आर्वधन जल प्रदाय योजना से जल प्रदाय किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नागपुर एवं इनके समीपस्थ 20 अन्य पेयजल समस्या ग्रस्त ग्रामों में स्थायी जल प्रदाय सुनिश्चित करने के लिये जल जीवन मिशन के अंतर्गत लाई समूह जल प्रदाय योजना लागत 20.43 करोड़ रूपये की तैयार की गई है। जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हो चुका है जिसकी निविदा की कार्यवाही की जा रही है।

### लाई समूह जल प्रदाय योजना में शामिल ये सभी गांव

ग्राम बरबसपुर को जल जीवन मिशन के अंतर्गत लाई समूह जल प्रदाय योजना में सम्मिलित किया गया है। वर्तमान में ग्राम बरबसपुर में 47 हैण्डपम्प स्थापित हैं जिसमें 46 हैण्डपम्प चालू है एवं 1 हैण्डपम्प बंद है। जिसका सुधार कार्य कराया जा रहा है। ग्राम बरबसपुर में भू-जल स्तर गिरने की समस्या नही है जिसके कारण पेयजल आसानी से उपलब्ध है। इसी तरह ग्राम सोनवर्षा में 27 हैण्डपम्प है तथा कछार पारा में 04 हैण्डपम्प स्थापित है। एवं इसके अतिरिक्त लगभग 04 माह पूर्व इसी ग्राम के परसापारा में 01 नवीन हैण्डपम्प स्थापित कर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया गया है। इसके अतिरिक्त ग्राम लाई, सेमरा, बंजी, हर्राए एंव चिरईपानी में क्रमशः 45, 43, 07, 45, 13 हैण्डपम्प स्थापित एवं चालू है। इन ग्रामों में भू-जल स्तर गिरने की समस्या नहीं है। हैण्डपम्पों से पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो रहा है। इन सभी ग्रामों को स्थायी जल प्रदाय करने के लिये जल जीवन मिशन के अंतर्गत लाई समूह जल प्रदाय योजना में शामिल किया गया है।

### जगतपुर में मनरेगा के कूपों को आधार मानकर जलापूर्ति की योजना तैयार

विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के ग्राम जगतपुर में 06 हैण्डपम्प स्थापित है एवं चालू है। पहाड़ी पर स्थित ग्राम जगतपुर का बारबांध पारा में मनरेगा के द्वारा निर्मित कूप से बसाहट के लोग पानी ले रहे है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत इन्ही कूपों को आधार मानकर योजना तैयार की गई है जिससे स्थायी रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

## एक नजर

सायबर सेल बेमेतरा पुलिस की कार्यवाही

### 21 नग गुम मोबाईल कीमती करीबन 3,00,000 रूपये बरामद कर मोबाइल स्वामियों को किया सुपुर्द

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



जिले के थाना/चौकी में लगातार मोबाईल गुमने का रिपोर्ट शिकायत प्राप्त हो रही थी। जिस पर बीएनमीणा भापुसे पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग के निर्देशन पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह भापुसे एवं अति पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, अति. पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा गुम मोबाइल की खोज के लिए साइबर सेल बेमेतरा को लगाया गया। साइबर सेल टीम निरीक्षक प्रेम प्रकाश अवधिया, प्रधान आरक्षक मोहित चेलक, लोकेश सिंह, आरक्षक पंचराम घोरबंधे, विक्रम सिंह एवं अन्य थाना/चौकी स्टाफद्वारा हर संभव प्रयास कर कुल 21 नग विभिन्न कंपनियों के गुम मोबाइल की जानकारी प्राप्त कर खोज निकाले गये हैं इनकी कीमत करीबन 3 लाख रुपये आंकी गई है। 10 जून 2022 को मोबाइल स्वामियों को पुलिस कार्यालय बेमेतरा में पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह एवं अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के द्वारा कुल 21 नग विभिन्न कंपनियों के गुम मोबाइल कीमती करीबन 3 लाख रुपये के मोबाइल को सुपुर्द किया गया। प्रार्थियों ने बताया कि मोबाइल खोने के बाद पाने की उम्मीद छोड़ दिये थे, ऐसे में मोबाइल पाकर वे काफी खुश है, उनके चेहरे पर खुशी साफ तौर पर देखी जा सकती थी। मोबाईल स्वामियों के द्वारा अपने गुम हुये मोबाईल को पुनः पाकर पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस विभाग के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### पुलिस थाना परिसर में आगंतुक व संवेदना कक्ष का लोकार्पण

**कोरबा** । पुलिस थाना परिसर में आगंतुक व संवेदना कक्ष का लोकार्पण छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग सदस्य व सांसद प्रतिनिधि प्रशांत मिश्रा के मुख्य आतिथ्य और छग श्रम कल्याण मंडल के सदस्य नवीन सिंह ठाकुर के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने की। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक पटेल ने पाली थाने के स्थापना के 115 वर्ष होने को गौरवशाली क्षण बताया। उन्होंने कहा कि पहली पदस्थापना के दौरान महसूस किया कि थानों में महिलाओं के बैठने व रूकने की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण वे असहज महसूस करती हैं। इस प्रेरणा को साकार करने जिले के अपने सभी थाना चौकियों में महिलाओं के मान .सम्मान के लिए आगंतुक कक्ष एवं संवेदना कक्ष निर्मित करने का लक्ष्य है। इसी तारतम्य में पाली में यघ्ह मूर्त रूप लिया है। उन्होंने कहा कि बदलते वक्त के साथ पुलिस के कार्यों की परिभाषा बदली है, कानून का पालन करने के साथ सामाजिक सरोकारता के कार्य किए जा रहे हैं। गौ सेवा आयोग के सदस्य प्रशांत मिश्रा ने कहा कि जिला पुलिस अधीक्षक के पद पर पटेल की पदस्थापना के बाद जिला पुलिस में एक नया आयाम देखने को मिला है। बेहतर पुलिसिंग के लिए एक से बढ़कर एक कार्य हो रहे हैं, जैसे कि खाकी के रंग स्कूल के संग, पुलिस तुहर द्वार, चलित थाना, संगवारी पुलिस, ने जनता के मन में विश्वास उत्पन्न किया है।

### एंबुलेंस का इंतजार में प्रसूता और नवजात की मौत

**कोरबा** । समय पर एंबुलेंस नहीं पहुंचने की वजह से महिला ने घर पर ही एक बच्चे को जन्म दिया और सुरक्षित प्रसव के अभाव में बच्चे व प्रसूता दोनों की मौत हो गई। इस घटना ने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने की सरकारी दावा की पोल खोल दी है। करतला विकास खंड के ग्राम नोनदरहा में यह घटना हुई। यहां निवासरत चंपा बाई राठिया को प्रसव पीड़ा हुई, तब पति रत्थू सिंह ने एंबुलेंस सेवा को काल कियाए पर कोई काल रिसीव नहीं किया गया। इसके अलावा भी एबुलेंस बुलाने कई निजी स्तर पर प्रयास किए गए, पर उसका को फायदा नहीं हुआ। अंततः एंबुलेंस सुविधा नहीं मिलने पर मितानिन को बुलाया गया। असुरक्षित स्थिति में प्रसव घर में ही कराया गया।

# उपलब्धियों से भरपूर मोदी सरकार के 8 साल पूरे

भाजयुमो ने निकाली विकास तीर्थ बाईक रैली



जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा महासमुंद विधानसभा के अंतर्गत महासमुंद शहर में बाइक रैली निकाली गई। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के सफलतापूर्वक 8 वर्ष पूर्ण करने के अवसर पर विकास तीर्थ बाईक रैली का आयोजन किया गया।

बाइक रैली कार्यक्रम के प्रभारी युवा मोर्चा जिला महामंत्री दिनेश रुपरेला सह प्रभारी नरेश नायक साथ ही युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के उत्साहवर्धन के लिए भाजपा सह प्रभारी जिला अवधेश चंदेल जिला महा मंत्री प्रदीप चंद्राकर पूर्व विधायक विमल चोपड़ा येतराम साहू भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता गण भी उपस्थित रहे ।

युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बताया कि सेवाए सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा 8 वर्षों से लगातार अंत्योदय के मंत्र के साथ समाज के सभी वर्गों, गरीबों, युवाओं, महिलाओं, किसानों के हितों को ध्यान मे रखकर जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से कार्य कर रही है। मोदी सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि,आयुष्मान भारत योजना, जन-धन योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, स्किल डेवलपमेंट योजना,स्टार्टअप योजना, मुफ्त कोरोना वैक्सीन जैसे योजनाओं से करोड़ों लोगों को लाभ पहुंचाने का कार्य किया है।

बाईक रैली कार्यक्रम में भाजपा रमेश साहू श्याम साकरकर आकाश सोनी यस्वंत साहू अमित साहू नंदू जलचत्री गोपी करनोजर चन्द्रशेखर बेलदार कदर राजपूत लक्ष्मीकांत तिवारी कोमल विषाद मुन्ना देवर मिथलेश साहू नवीन यादव टीकम देवगन डिमांड ध्रुव चेतन यादव जीतने साहू जोगी साहू ललित कुमार अन्य भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खेल के प्रति युवाओं के रुझानों को सुरक्षा बलो का साहारा

क्रिकेट आयोजन में माओवाद इलाका चिन्तलनार गांव रही विजेता

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



सुकमा एक ऐसे नाम है जिसके नाम से ही घना जंगल पर्वत नदी, झरने और अधंरूनी क्षेत्रो में अभावो की धुंधली तस्वीर आंखो की रेटिना में छा जाती है लेकिन इस बीच भी क्रिकेट एक कल्पना मात्र नहीं है वहा खिलाड़ी और खेल दोनो देखने मिलेंगे जो मैदानों में भाग्य आजमाते दिखेंगे आप देख सकते हैं। और ऐसे में सुरक्षाबल और जिला प्रशासन द्वारा लगातार इलाकें में बदलाव लाने की कवायद देखें जा सकते हैं। अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र में खेलों के प्रति युवाओं में रुचि दिखने लगी है जगरगुंडा में एक सप्ताह तक चलने वाली क्रिकेट टुर्नामेंट जो कि 03 तारीख से 09 तारीख तक ल हेलीपैड क्रिकेट ग्राऊंड जगरगुण्डा के प्रांगण में आयोजित किया गया था। जिसमें इस क्षेत्र की कूल 16 टिमों ने भाग लिया था। जिसमें चिन्तलनार गांव की टीम और मिलमपल्ली गांव की टीम के बीच फाईनल खेला गया। इस क्रिकेट खेल प्रतियोगिता में चिन्तलनार टीम को विजय घोषित किया गया और मिलमपल्ली उपविजेता टीम रहाए इस दौरान सभी खिलाड़ी एवं गांव वालों ने इस प्रतियोगिता के दौरान पूरा लुत्फ उठाया। जिस से इस इलाकें में एक बेहतर माहौल बना रहने की कोशिश सुरक्षाबलों की थी, जहां जगरगुंडा में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेण्ट 165 व 210 बटालियन द्वारा विजेता एवं उपविजेता टिमों को उपयुक्त सभी

पुरस्कार के रूप में प्रदान किया केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने विजेता टीम को 20,000 एवं उपविजेता टीम को 20,000 रूपया कि राशी पुरस्कार के रूप में प्रदान किया।

# जल जीवन मिशन के तहत् 172 ग्राम पंचायतों में लगाया गया सोलर ड्यूल पंप

अब प्रत्येक संयंत्र से 40 से 50 परिवारों को मिल रहा शुद्ध पेयजल

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में अब तक 172 ग्राम पंचायतों के कुल 402 पारा मोहल्ले एवं टोलों में पेयजल हेतु सोलर ड्यूल पंप की स्थापना की जा रही है। इस योजना के द्वारा प्रति संयंत्र से 40-50 परिवारों को शुद्ध पेयजल उनके घरों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जिससे लोगों तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति आसानी से की जा सके। इसी कड़ी में मनोरा विकासखंड के ग्राम पंचायत ओरडीह के मेन बस्ती में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 48 परिवारों को शुद्ध पेयजल प्राप्त हो रहा है। अब गांव के लोगों को पानी की कोई भी समस्या नहीं है। सभी ग्रामीण शुद्ध पेयजल मिल जाने से अत्याधिक प्रसन्न है। उक्त योजना लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं क्रेडा विभाग द्वारा लगाया जा रहा है।

# कोयाबेकुर में मंत्री कवासी लखमा ने देवगुड़ी सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

तेंदूपत्ता संग्राहकों को पारिश्रमिक राशि का नगद वितरण

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



**तेंदूपत्ता संग्राहकों के नगद भुगतान में किसी प्रकार के गड़बड़ी होने पर कठोर कार्रवाई-मंत्री कवासी लखमा**



सुकमा ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोयाबेकुर में प्रदेश के उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने देवगुड़ी, रंगमंच और पुलिया निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही पोंगा भेज्जी समिति अंतर्गत कोयाबेकुर फ ड़ के तेंदूपत्ता संग्राहकों को उनका पारिश्रमिक राशि का नगद वितरण किया। इस दौरान सुकमा जिला पंचायत उपाध्यक्ष बोड्डु राजा, सुकमा नगर पालिका अध्यक्ष राजू साहू, ग्राम पंचायत कोयाबेकुर सरपंच चैतू राम, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कोयाबेकुर के तेंदूपत्ता संग्राहको को मंत्री लखमा ने 16 लाख से अधिक राशि का नगर पारिश्रमिक वितरण किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण से यहां के निवासियों को बहुत अच्छी आय मिलती है। चार.पांच दिन के काम करने से किसी को 25 हजार, किसी को 30 हजार तो किसी को 36 हजार रुपए का भुगतान प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि नगद भुगतान से सुदूर अंचल के निवासियों को बैंक के चक्कर लगाने से मुक्ति मिली है। उन्होंने तेंदूपत्ता संग्राहकों के नगद भुगतान में किसी भी प्रकार के गड़बड़ी होने पर कठोर कार्रवाई करने की बात कही।

उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में सड़क, पुल पुलिया का प्राथमिक आवश्यकता है। जिसे शासन प्रशासन तत्परता से पूर्ण कर रही है। यहां पहले सड़क नहीं थी, साइकिल चलाना तक दुभर था। पर क्षेत्र में चमचमाती डामर सड़के है। क्षेत्र में हो रहे विकास से प्रशासन और सुरक्षाबलों के प्रति ग्रामीणों का विश्वास बढ़ा है। मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि बस्तर क्षेत्र सड़क, पुल पुलिया विकास नहीं होने के कारण ही शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य आयामों में प्रगति नहीं कर पाया। पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार के आने के पश्चात् सुकमा सहित पूरे बस्तर की छवि बदली है। साथ ही आदिवासी परंपरा और आस्था को मजबूती देने के लिए देवगुड़ी निर्माण कर रही है। ग्राम पंचायत कोयाबेकुर के सरपंच चैतू राम कोरामी ने अपने सम्बोधन में पंचायत में देवगुड़ी सहित अन्य विकास कार्यों के लिए मंत्री कवासी लखमा का आभार व्यक्त किया। मंत्री कवासी लखमा ने अपने सुकमा प्रवास के दौरान गादीरास, डब्बारास, मुरतोडी, सोलुपारा, फुलबगड़ी, कोयाबेकुर आदि के ग्रामीणों से भेंट मुलाकात की।

# कलेक्टर ने सभी लोगों को जिले में शांति बनाए रखने के लिए सहयोग की अपील की

विधायक और कलेक्टर की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक हुई आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

विधायक जशपुर विनय भगत, कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनि भगत, एसपी राजेश अग्रवाल, एडिशनल एसपी प्रतिभा पांडेय, एसडीएम बालेश्वर राम सहित अन्य अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं समाज प्रमुख उपस्थित थे। बैठक में विगत दिवस जिले में घटित आपराधिक घटना के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए इस प्रकार की घटना की रोकथाम के लिए समाज प्रमुखों से सुझाव लिए गए। विधायक भगत ने कहा कि उक्त घटना से हम सभी व्यथित है। इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो यह हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जशपुर जिला आपसी सौहार्द प्रेम और भाईचारे के लिए जाना जाता है। इसलिए हम सबको जिम्मेदारी लेनी होगी। साथ ही जागरूक होना होगा। हम सभी को एक साथ मिलकर इन कमियों को दूर करना होगा। कलेक्टर अग्रवाल ने सभी के सुझावों को विस्तार से सुनाए उन्होंने कहा कि जिले में शांति व्यवस्था बनी रहे एवं किसी समाज की भावनाएं आहत न हो यही प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि समाज ही प्रशासन की आंख है। इस हेतु लोगो का प्रशासन पर भरोसा रखना आवश्यक है। घटना की जांच की जा रही है एवं दोषियों पर तत्काल कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने सीमावर्ती चेकपोस्ट पर सतत निगरानी रखने के निर्देश अधिकारियों को दिये साथ ही पुलिस प्रशासन को अपने सूचना तंत्र को सक्रिय रखने की बात कही। कलेक्टर ने उपस्थित सभी लोगों से इस प्रकार की घटना की तत्काल सूचना प्रशासन को प्रदान करने एवं कानून को हाथ मे न लेने की अपील की। एसपी अग्रवाल ने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस विभाग द्वारा तत्काल वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। एसपी ने बताया कि जिले के सभी सीमावर्ती इलाकों पर गाड़ियों की सतत जांच एवं निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटना की रोकथाम एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आप सभी समाज के सदस्यों से सहयोग की अपेक्षा है।

# शिक्षकों ने जाना आपदा प्रबंधन, यातायात जागरूकता व व्यक्तिगत सुरक्षा संबंधी जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



मुख्यमंत्री शाला एवं व्यक्तिगत सुरक्षा विषय पर चल रहे तीन दिवसीय विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभाकक्ष में शुक्रवार को आपदा प्रबंधन, यातायात जागरूकता एवं व्यक्तिगत सुरक्षा व पोक्सो अधिनियम से संबंधित जानकारी विकासखंड बैकुंठपुर के समस्त शैक्षिक समन्वयक एवं चयनित शिक्षकों को प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आपदा प्रबंधन एवं अग्निशमन से संबंधित विस्तृत जानकारी जिला सेनानी नगर सेना एवं जिला अग्निशमन अधिकारी शेखर नारायण बोरवणकर ने अपनी पूरी टीम के साथ आकर पूरे डेमो के साथ बताए कि किस तरीके से आपदा की स्थिति में विद्यालयीन छात्र-छात्राओं व आमजन को सुरक्षित रखा जा सकता है उन्होंने बाढ़, भूकंप, आगजनी की घटना होने पर बचाव के उपाय से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण के दौरान यातायात संबंधी विस्तृत जानकारी जिले में ट्रैफिक मैन के नाम से मशहूर लांस नायक महेश मिश्रा ने प्रदान करते हुए कहा कि आप एक शिक्षक हैं आपके कंधों पर समाज की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है निश्चित रूप से आप एक पथ प्रदर्शक का कार्य कर रहे हैं आप को यातायात नियमों को जानना और उन नियमों का पालन करना इसलिए भी अनिवार्य है क्योंकि आप दूसरों के लिए एक उदाहरण बनते हैं। यातायात नियमों के तहत वाहन चलाने के नियम, सड़कों पर चलने के नियम एहेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता, बच्चों के लिए यातायात के नियम, दुर्घटना से संबंधित विस्तृत जानकारी बचाव के उपाय बताए। प्रशिक्षण में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग अभिलाषा बेहार ने बच्चों की सुरक्षा, पोषण आहार, पाक्सो व जेजे एक्ट व्यक्तिगत सुरक्षा के साथ शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विकास खंड शिक्षा अधिकारी अरुण वर्मा, खंड स्त्रोत समन्वयक नीलेश शुक्ला, एपीसी समग्र शिक्षा राजकुमार चापेकर, मास्टर ट्रेनर सतीश उपाध्याय, राजेंद्र मंडल, विकासखंड बैकुंठपुर के समस्त शैक्षिक समन्वयक एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मास्टर ट्रेनर शिक्षिका सुमन नायक ने किया।

सफलता की कहानी

## डेयरी उद्यमिता विकास योजना से सारूडीह स्व.सहायता समूह को हर माह हो रही 1 लाख की आमदनी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



जशपुर जिले में स्व.सहायता समूह को विभिन्न शासकीय योजनाओं से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में वर्ष 2019.20 राज्य पोषित डेयरी उद्यमिता विकास योजना अंतर्गत सारूडीह चाय बगान स्व.सहायता के समूह को कुल तीन इकाई 6 नग गाय पशुधन विकास विभाग जिला जशपुर की ओर से अनुदान राशि रूण् 2ण्7972 लाख प्रदाय किया गया।

समूह के सदस्य ने बताया कि समूह को 6 नग गाय से प्रतिदिन 45 से 50 लीटर दूध प्रतिदिन प्राप्त होता होने लगा। जिसका विक्रय कर समूह को प्रतिदिन दो हजार से 2500 आमदनी होने लगी। समूह ने बताया कि गाय पालन कर उन्हें बहुत अच्छा आमदनी होने लगा है। जिससे वे काफ ी उत्साहित हुए और वर्तमान में 06 नग गाय और खरीद लिया गया। अब उन्हें प्रतिदिन 70 से 80 लीटर दूध प्राप्त हो रहा है। जिससे उन्हें माह में लगभग एक लाख से अधिक की आय प्राप्त हो रही है। समूह के सदस्यों ने बताया कि विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा निरंतर उन्हें प्रोत्साहन भी प्रदान किया जाता है। साथ ही पशु चिक्त्सिा विभाग के द्वाारा समय-समय पर भ्रमण कर कृत्रिम गर्भाधान, उपचार एवं मार्ग दर्शन दिया जाता है।

## भूखे तेंदुए ने किया 5 बकरियों को हलाक

घटना बागबाहरा वन परिक्षेत्र के ग्राम बकमा की

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



बागबाहरा वन परिक्षेत्र स्थित ग्राम बकमा में बीती रात तेंदुए की दस्तक से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। वन विभाग ने आसपास के क्षेत्र में अलर्ट जारी कर दिया है। इधर, तेंदुए ने बीती रात गांव के वसीम रजा के घर की बाड़ी में घुसकर वहां बंधी पांच बकरियों का शिकार कर दिया। वन परिक्षेत्र अधिकारी विकास चंद्राकर ने बताया कि पांच बकरियों की मौत कैसे हुई है इसके लिए पीएम कराया जा रहा है। हालांकि प्रथम दृष्टया बकरियों की मौत वन्यप्राणी के हमले से होना लग रहा है। शासन के नियम के तहत पशुपालक को प्रत्येक बकरी के लिए 3 हजार रुपए का मुआवजा प्रदान किया जाएगा। घटना के बाद आसपास में अलर्ट जारी कर दिया गया है।

उललेखनीय है कि तेजी से उजड़ते जंगलों में भीषण गर्मी और भोजन पानी की कमी के चलते वन्य प्राणी इंसानी बसाहतों की ओर रूख करने लगे है। विगत गुरूवार को बागबाहरा के सुनसुनिया चौक पेट्रोल पंप के पास एक जंगली भालु विचरण करते देखा गया था। हालांकि उस दौरान किसी प्रकार के जन.धन हानि की कोई घटना नहीं घटी।

## अयोध्या नगर में उद्यान की कीमत पर नहीं चाहिए मंगल भवन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

शहर के अयोध्या नगर में बन रहे मंगल भवनका आपास रहने वाले लोग विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि वह स्थान गार्डन के लिए आरक्षित है। इसलिए मंगल भवन की स्थान परिवर्तन करने वार्डवासियों से गुरुवार को कलेक्टर को आवेदन दिया। वासियों ने बताया कि नगर के वार्ड 3ए अयोध्या नगर कॉलोनी में गार्डन हेतु आरक्षित स्थल पर स्व भागवत कोसरिया मंगल भवन निर्माण कार्य प्राक्ति है। जबकि उक्त स्थल पर विधायक विनोद सेवन लाल चन्द्राकर द्वारा गार्डन के लिए 24 अक्टूबर 2019 को भूमिपूजन किया जा चुका है। उक्त स्थल अयोध्या नगर कॉलोनी के बसाहट के बीचों बीच में होने के कारण यह मंगल भवन के लिए उपयुक्त नहीं हैं। कभी कॉलोनीवासियों द्वारा मांग की गई है। साथ ही वे लोग मंगल भवन के पक्ष में नहीं जो भवन के पक्ष में है वे एक भी व्यक्ति अयोध्या नगर के निवासी नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि यदि मंगल भवन का स्थल परिवर्तन नहीं किया जाता है तो समस्त मोहल्लेवासी इसके विरोध में आ आन्दोलन के लिए बाध्य हो जाएंगे।

## रायगढ़ से घरघोड़ा तमनार सड़क की बरसात से पहले मरम्मत के लिए राजा शर्मा ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।



रायगढ़ घरघोड़ा जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष राजा शर्मा ने आज नव पदस्थ घरघोड़ा एसडीएम डिगेश पटेल को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें मांग की गई है कि रायगढ़ से घरघोड़ा तथा रायगढ़ से तमनार की सड़क मरम्मत तथा गड्ढों में अति शीघ्र पेच वर्क का कार्य बरसात से पहले कर दिया जाए जिससे कि आने वाले बरसात में सड़क और ज्यादा खराब ना हो पाए और लोगों को आने-जाने में सुविधा मिलती रहे तथा किसी प्रकार की दुर्घटना ना हो इसलिए जिले के संवेदनशील कलेक्टर भीम सिंह से क्षेत्र की आम जनता को भरोसा है की बरसात से पहले घरघोड़ा तमनार रायगढ़ सड़क की मरम्मत हो जाएगी साथ ही साथ ज्ञापन मांग पत्र में चलने वाले ट्रेलर ट्रकों की हाई स्पीड तथा ड्राइवरों के ड्राइविंग लाइसेंस एवं गाड़ियों के परमिट मोटर व्हीकल के तहत जितने भी ट्रकों के वैधानिक वाहन संबंधी दस्तावेज होते हैं उनकी भी जांच की जाए क्योंकि क्षेत्र की आम जनता को ट्रक चालक कीड़े मकोड़े की तरह समझते हैं और आने जाने में फ ोर व्हीलर एवं मोटरसाइकिल ओ राहगीरों को साइड न मिलने के कारण एक्सीडेंट की स्थिति हर वक्त बनी रहती है इसलिए अति आवश्यक है कि एक तो सड़क की मरम्मत बरसात से पहले हो जाए तथा सड़कों पर चलने वाले ट्रेलर ट्रकों की वाहन संबंधी दस्तावेज तथा ड्राइवरों के लाइसेंस की जांच की जाए एवं सड़कों की ट्रैफि क व्यवस्था दुरुस्त की जाए ताकि क्षेत्र की आम जनता को रायगढ़ मुख्यालय आने जाने में इसी प्रकार की तकलीफ या असुविधा ना हो तथा दुर्घटना से बचा जा सके ज्ञापन सौंपने वालों में जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष राजा शर्मा नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी जिला महामंत्री जगदीश चौहान सुनील सारथी दिगेश्वर कुमार सुधाकर विशेषर राठिया अनिल राठिया बेलाल अहमद आशीष जैस्वाल दीपक सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### 12 से 18 जून तक मनाया जाएगा बाल श्रम उन्मूलन सप्ताह, निरीक्षण हेतु दल गठित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने 12 जून 2022 को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिले में 12 से 18 जून तक मनाए जाने वाले बाल श्रम उन्मूलन सप्ताह में बाल श्रम हतोत्साहित करने हेतु बालक एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 संशोधित अधिनियम 2016 क अंतर्गत संभावित क्षेत्र यथा होटल, ढाबा, वर्कशॉप, दुकान, ऑटों गैरेज, ईट भट्ठा, कबाड़ी इत्यादि संस्थनों में निरीक्षण, व्यापक प्रचार एवं प्रसार की कार्यवाही टॉस्क फोर्स के माध्यम से सतत निरीक्षण किए जाने हेतु दल का गठन किया है। निरीक्षण दल में बाल श्रम नियोजकों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु पुलिस विभाग से पुलिस बल 2 एक महिला एवं सम्बन्धित थाना के थाना प्रभारी, शिक्षा विभाग से जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग से जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई के जिला बाल संरक्षण अधिकारी एवं स्टॉफ होंगे तथा निरीक्षण दल हेतु श्रम विभाग के श्रम पदाधिकारी नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

### ज्वेलर्स अजय पींचा चार सौ बीसी में पहुंचा जेल

मामला कूटरचना से जमीन बैनामा निष्पादन का

और भी चार की तलाश में जुटी पुलिस

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

स्थानीय सराफा बाजार में प्रतिष्ठित फर्म अजय ज्वेलर्स के संचालक अजय पींचा पिता स्व. भीखमचंद पींचा को धोखाधड़ी के मामले खल्लारी पुलिस द्वारा धारा 420, 467, 468, 471 और 12 बी के तहत गिरफ्तार किये जाने के बाद न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है। इस अपराधिक कृत्य में शामिल चार अन्य लोगों की तलाश में पुलिस जुटीं हुई है। मामले को लेकर मिली जानकारी के अनुसार थाना खल्लारी क्षेत्र के ग्राम अमलीडीह निवासी गया सिंह पिता झंगलू निषाद ने वर्षों पूर्व स्थानीय सराफा व्यवसायी अजय पींचा से 40 हजार कर्ज लिया था। तब अजय पींचा ने गया सिंह से यह कहकर गया सिंह के स्वामित्व की भूमि खसरा क्रमांक 33/1 रकबा लगभग ढाई एकड़ को अपने नाम पर बैनामा निष्पादित करवा लिया कि कर्ज की रकम अदा होने पर वह रजिस्ट्री निरस्त करवा देगा। बाद जब गया सिंह ने कर्ज अदा कर रजिस्ट्री निरस्त कराने अजय पींचा से अनुरोध किया तो अजय पींचा अपने वादे से मुकर गया। फिर मामला बागबाहरा न्यायालय में चलने के बाद 29 दिसंबर 2021 को फैसला गया सिंह के पक्ष में ही गया। लेकिन षडयंत्र कारियों ने कूटरचना 2 दिन बाद ही 1 जनवरी 2022 को उक्त भूमि खसरा क्रमांक 33/1 को छगन लाल निषाद को विक्रय कर दिया। गया सिंह की शिकायत पर जांच के बाद पांच लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया था। जोहार छत्तीसगढ़ के 7 जून के अंक में खबर छप चुकी है चार सौ बीसी के इस मामले में अजय पींचा के अलावा ग्राम अमलीडीह के घासीराम पिता बलीराम साहू, कचरू पिता कार्तिक निषाद और रामूलाल पिता मर्दन पटेल तथा ग्राम तमोरी निवासी भागीरथी पिता रमेश साहू शामिल है। मामले में पटवारी तथा कोटवार पर भी मिली भगत का संदेह व्यक्त किया गया है।

### कांपा पंचायत के सरपंच को कारण बताओ नोटिस

7 दिन में 8 बिंदुओं पर प्रस्तुत करना है जवाब

पंचों ने लगाये सरपंच पर मनमानी और अनियमितता का आरोप

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जनपद क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत कांपा के सरपंच गजानंद साहू पर पंचों द्वारा आरोप लगाया गया है कि ग्राम कांपा के शासकीय धान खरीदी केंद्र के समतलीकरण के नाम से 15वें वित्त मद राशि का अनुचित आहरण किया गया है। इसी प्रकार ग्राम कांपा एवं पंचायत के आश्रित ग्राम परसवानी में भी गली सुदृढ़ीकरण का कार्य करवाये बिना 15वें वित्त मद की राशि का भुगतान अपने भाई गणेश साहू के नाम से किया गया है। सरपंच पर ग्राम कांपा के बड़े तालाब जाने के रास्ते में सीसी रोड मरम्मत के नाम पर 15वें वित्त मद की राशि का भतीजा देवेंद्र साहू का बिल लगाकर भुगतान करने का आरोप है। गली सफाई के नाम से वे अपने भाई को आनलाईन भुगतान 15वे वित्त की राशि से किया गया है। सरपंच गजानंद साहू पर यह भी गंभीर आरोप है कि वैश्विक महामारी कोरोना काल के दौरान लाकडाउन के समय कोरोना सेंटर में मजदूरों के लिए राशन क्रय करने के नाम पर रायपुर के हरषु किराना स्टोर्स का बिल लगाकर 14वे वित्त मद का भुगतान किया गया है। पंचों की शिकायत में गांव के किसान पुरूषोत्तम मिर्धा के साथ मारपीट एवं पंच सुरेंद्र दुबे की अनुपस्थिति में उनकी पत्नी के साथ अश्लील गाली गलौच करने और जान से मारने की धमकी देने का उल्लेख भी है। एसडीएम भगत जायसवाल ने पंचों की शिकायत पर कांपा सरपंच गजानंद साहू को कारण बताओ नोटिस जारी कर 7 दिनों के भीतर 8 बिंदुओं पर जवाब प्रस्तुत करने कहा है। समय पर जवाब प्रस्तुत न किये जाने की दशा में छग पंचायती राज अधिनियम की धारा 49 और 40 के तहत एकतरफा कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## पंचायत उप चुनाव प्रेक्षक ने किया नवागढ़ का दौरा

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



छग राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा पंचायत उप चुनाव के लिए नियुक्त प्रेक्षक दीप्ति गौते संयुक्त कलेक्टर ने जिले के नवागढ़ विकासखण्ड का दौरा किया। शुक्रवार को पंचायत उप चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की संवीक्षा जांच की गई। प्रेक्षक के साथ संबंधित विख के रिटर्निंग ऑफि सर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, प्रभारी खाद्य अधिकारी एवं लायनिंग ऑफि सर अर्चना ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नवागढ़ प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव म्हस्के, निर्वाचन सुपरवाइजर संतोष नामदेव उपस्थित थे। ज्ञात हो कि पंचायत उप चुनाव के लिए अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 13 जून दोपहर 3 बजे तक है। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करने और निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन 13 जून अपरान्ह 3 बजे के बाद किया जाएगा। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन 13 जून को प्रतीक आबंटन के तुरंत बाद किया जाएगा। मतदान यदि आवश्यक हो 28 जून 2022 मंगलवार प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। मतगणना मतदान केंद्रों पर 28 जून को मतदान समाप्ति के बाद और यदि आवश्यक हो तो तहसील, खण्ड मुख्यालय पर 29 जून अपरान्ह 3 बजे से होगा। सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा 30 जून प्रातः 09 बजे से खण्ड मुख्यालय में होगी।

## ग्रामीणों के लिए लाभकारी रहा बीजागोंड़ का जनचौपाल शिविर

शिविर में 181 आवेदनों का मौके पर निराकरण

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



जिले के विकासखण्ड साजा के अंतर्गत ग्राम बीजागोंड़ में आज आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में मांग एवं शिकायत के कुल 243 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 181 आवेदन का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष 62 लंबित आवेदनों के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई।

सर्वाधिक आवेदन जनपद पंचायत साजा को 83 एवं दूसरे क्रम पर राजस्व विभाग को 65 आवेदन प्राप्त हुए। राजस्व विभाग द्वारा 15 किसानों का नामांतरण आदेश जारी किया गया साथ ही 5-5 किसानों को बंटवारा आदेश एवं ऋण पुस्तिका शिविर स्थल में ही प्रदान की गई। कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर डॉ.अनिल बाजपेयी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व साजा धनराज मरकाम ने आम लोगों की समस्याएं सुनी एवं विभागीय अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। शिविर में कृषि, उद्यानिकी, खाद्य, स्वास्थ्य, शिक्षा, पशुपालन विभाग, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, मत्स्य, महिला बाल विकास, विद्युत, श्रम, जिला अंत्यावसायी एवं उद्योग विभाग के अधिकारियों ने विभाग द्वारा संचालित शासन की योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दिए।

अपर कलेक्टर डॉ. बाजपेयी ने अधिकारियों को लंबित आवेदनों का निराकरण समय-सीमा के भीतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निराकृत प्रकरणों के संबंध में अधिकारी आवेदकों को भी सूचित करना सुनिश्चित करें। कार्यपालन अभियंता साजा छ.ग. रा.वि.विक डीके रात्रे ने बताया कि साजा क्षेत्र के ग्राम देउरगांव एवं ढाप में 33/11 केव्ही का विद्युत उपकेन्द्र निकट भविष्य में चालू हो जायेगा जिससे लो वोल्टेज की समस्या काफी हद तक दूर हो जायेगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों को निःशुल्क दवा वितरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

शिविर के प्रारंभ में अधिकारियों ने विभाग द्वारा संचालित शासन की योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी से ग्रामीणों को अवगत कराये। जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित पुस्तक, पॉम्प्लेट एवं जनमन का निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ कु. कांति ध्रुव, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि संतोष वर्मा, जनपद पंचायत सदस्य गौतम वर्मा, सरपंच बीजागोंड़ ईश्वर वर्मा, सरपंच सुवरतला अजय वर्मा सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे। हितग्राही हुए लाभान्वित ग्राम दहीमही के तेजकरणए तेंदुआ के गजानंद वल्द फि रन को बंटवारा का दस्तावेज प्रदान किया गया। इसी तरह ग्राम गड़वा के नारायण को किसान किताब ऋण पुस्तिका का वितरण किया गया।

## श्रिया पिलगांवकर ने अपने द ब्रोकन न्यूज चरित्र पर प्रकाश डाला



अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर जल्द ही वेब सीरीज द ब्रोकन न्यूज में सोनाली बेंद्रे और जयदीप अहलावत के साथ स्क्रीन साझा करती नजर आएंगी। उन्होंने हाल इस शो में अपने चरित्र को लेकर बातें साझा की हैं। अभिनेत्री ने कहा, मैं राधा भार्गव की भूमिका निभा रही हूं जो कि काफी दिलचस्प और जटिल है। मेरे लिए वह दर्शकों का दिमाग है, मुझे ऐसे पात्र पसंद हैं जो कभी कभी स्टैड ले सके, वह एक समाचार निर्माता, समाचार एंकर और एक खोजी पत्रकार भी है। आगे अभिनेत्री ने कहा, जब वह उन कहानियों को सामने लाना चाहती हैं, जिनके बारे में वह दृढ़ता से महसूस करती हैं, तो वह यह भी जानती हैं कि उन्हें दर्शकों तक पहुंचने के लिए एक शक्तिशाली तरीके की आवश्यकता है।

## इंटरनेट पर फिर छाई रुबिना दिलैक, लुक देख फैंस हुए फ़िदा



टेलीविज़न जगत की मशहूर अभिनेत्री रुबीना दिलैक का नाम इंडस्ट्री की टॉप अभिनेत्रियों की लिस्ट में शुमार है। रुबीना बिग बॉस 14 की विजेता भी रह चुकी हैं। रुबीना दिलैक शीघ्र ही बॉलीवुड में एंट्री करने जा रही हैं। टेलीविज़न से बॉलीवुड तक का सफर जल्द ही तय करने जा रही हैं।

रुबीना दिलैक की फिल्म अर्ध 10 जून को रिलीज के लिए तैयार है। इस बीच रुबीना खतरों के खिलाड़ी की शूटिंग में बिजी हैं। फिल्म अर्ध में रुबिना दिलैक के साथ राजपाल यादव दिखाई देंगे। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है। वही हाल ही में रुबीना ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ नई फोटोज साझा की हैं, जिनमें वो बला की खूबसूरत लग रही हैं।

प्रिटेंट ब्लू ड्रेस पहने उस पर सिल्वर ज्वैलरी कैरी करतीं रुबीना दिलैक बेहद खूबसूरत लग रही हैं। बता दें कि खतरों के खिलाड़ी 12 के लिए रुबीना इन दिनों कैपटाउन में शो के एपिसोड शूट कर रही हैं। वही हाल ही में रुबीना दिलैक ने रोहित शेट्टी संग वीडियो शेयर किया था जिसमे उन्हें स्टाइल में वॉक करते देखा जा सकता है। इस वीडियो में वह स्वैग के साथ रियेलिटी शो का आरम्भ करती दिखाई दे रही हैं। इस रील वीडियो में रुबीना शो के होस्ट और फिल्म मेकर रोहित शेट्टी के साथ वॉक करती दिखाई दे रही हैं तथा उनका यह अंदाज प्रशंसकों को बेहद पसंद आ रहा है।

## 777 चार्ली ने मुझे अपने कुत्तों के साथ बिताए कई पलों को याद दिला दिया : संयुक्ता हेगड़े



अभिनेता रक्षित शेट्टी की फिल्म 777 चार्ली की चर्चा तो हर तरफ हो ही रहीं है, इस बीच फिल्म देखने के बाद अभिनेत्री संयुक्ता हेंगड़े ने फिल्म और फिल्म के कलाकारों को लेकर तरीफ की है। अभिनेता रक्षित शेट्टी को जन्मदिन की बधाई देते हुए संयुक्ता ने लिखा है, मैसेज लिखा है।

आपको जन्मदिन मुबारक हो। कल 777 चार्ली देखने से मुझे अपने कुत्तों के साथ वर्षों से बिताए कई पलों को फिर से जीवंत कर दिया।

यह काफी बेहतरीन फिल्म है, आपने सभी भावनाओं को इतनी अच्छी तरह से कैद किया है।

आप सब बहुत ही बेहतरीन है, इस फिल्म को इतने अच्छे से काम किया आपने। मुझे यकीन है कि स्क्रीन पर मैंने जो कुछ भी देखा वो सबके लिए काफी कठिन है। लेकिन आपने सब बहुत ही बेहरीन ढग से किया है।

कलाकार, क्रू सभी ने बेहतर प्रदर्शन किया जैसा हमने पहले नहीं देखा है। यह आपके दिल के सभी तारों को बजाकर दिखाता है कि एक कुत्ता आपके जीवन को कितना बेहतर बना सकता है।

मुझे लगता है यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए, खासकर उन लोगों के लिए जिनके पास कुत्ते नहीं हैं। कन्नड़ फिल्में पूरे देश में धूम मचा रही हैं!

किरणराज के द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रक्षित शेट्टी और संगीता श्रृंगेरी मुख्य भूमिका में हैं। बता दे ये फिल्म 777 चार्ली इसी साल 10 जून को पर्दे पर दस्तक देगी।

## सुबह के समय चलाएं साइकिल, जानें क्या है इसके फायदे



स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से व्यायाम करना बहुत जरूरी होता है। लेकिन कुछ लोग फिट रहने के लिए व्यायाम की बजाय साइकिल जैसी एक्टिविटी करते हैं।

आपने भी अपने जीवन में कभी न कभी साइकिल जरूर चलाई होगी और आप यह भी जानते हैं कि यह एक अच्छा व्यायाम है। लेकिन साइकिल चलाने से मिलने वाले लाभ प्राप्त करने के लिए उसका सही तरीका होना बेहद जरूरी है। आज विश्व साइकिल दिवस के मौके पर हम साइकिल चलाने का सही तरीका और उससे मिलने वाले फायदों के बारे में जानेंगे।

साइकिल चलाने का सही तरीका

1. धीरे-धीरे स्पीड बढ़ाएं-

साइकिल चलाना शुरू करते हुए उसे दौड़ाना शुरू न करें बल्कि धीरे-धीरे उसकी तीव्रता को बढ़ाएं। कम से कम 200 से 300 मीटर की दूरी तक रिलैक्स होकर साइकिल चलाएं।

2. दोनों पैरों की पोजीशन का ध्यान रखें-

यह ध्यान रखें कि आपके दोनों पैर पैडल पर समान पोजीशन पर ही रखे गए हैं। साथ ही यह भी ध्यान रखें कि पैडल पर पैर का पंजा या एड़ी न रखें। बल्कि पंजे से ठीक पिछला हिस्सा पैडल पर रखें

3. आगे की तरफ न झुकें-

साइकिल चलाते समय आगे की तरफ झुकने की कोशिश न करें बल्कि यह ध्यान रखें कि आपकी रीढ़ की हड्डी में ज्यादा मोड़ तो नहीं आया है। हालांकि, आप थोड़ा सा आगे की तरफ मुड़ सकते हैं, लेकिन पूरी तरह कमर मोड़ कर रखना रीढ़ की हड्डी को परेशान कर सकता है।

4. हैंडल को जोर से न पकड़ें-

साइकिल चलाते समय आपको यह ध्यान रखना है कि आप हैंडल को रिलैक्स होकर पकड़ रहे हैं। हालांकि, अगर आप स्पीड से साइकिल चला रहे हैं, तो हैंडल को इतना हल्के से भी पकड़ना नहीं चाहिए।

## गर्दन के कालेपन को करें दूर, अपनाएं ये तरीके



जिस तरह से हम अपने चेहरे की देखभाल करते हैं ठीक उसी तरह हमे अपने पूरे शरीर की देखभाल करना बेहद ज़रूरी हो जाता है. सिर्फ चेहरे के सुन्दर दिखने से हमारी पूरी बॉडी पर असर नहीं होता.

शरीर के हर अंग को साफ़ रखना उतना ही ज़रूरी होता है जितना चेहरे को. ऐसे में हमारी गर्दन एक ऐसा भाग है जो कि साफ़ सफाई के विषय में कई बार पीछे छूट जाता है. जिसके कारण हमारी गर्दन गन्दी दिखने लगती है.वैसे देखा जाये तो गर्दन के कालेपन का कारण डिहाइड्रेशन, टैनिंग भी हो सकता है.

कई लोग अपने गर्दन के कालेपन को दूर करने के लिए मार्किट के प्रोडक्ट्स का भी इस्तेमाल करते हैं. ऐसा करने से भी हमे कोई ख़ास फर्क नहीं पड़ता है. इसलिए इन महंगे प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल के बजाये आप घरेलू प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कर सकते हैं.

### खीरा, एलोवेरा जेल और गुलाब जल

सामग्री–

2 बड़ा चम्मच खीरे का रस

*1 बड़ा चम्मच एलोवेरा जेल

*एक छोटा चम्मच गुलाब जल.

विधि–एक बाउल में इन तीनों सामग्री को मिला लें. इस मिश्रण को कॉटन बॉल की सहायता से अपनी गर्दन पर लगाएं. आपके लिए अच्छा होगा कि इसे आप रात में गर्दन पर लगाएं और ओवरनाइट ऐसे ही लगा रहने दें. नियमित रूप से आप इस मिश्रण को सुबह और रात में सोने से पहले गर्दन पर लगाए. आपको अच्छे रिजल्ट ज़रूर मिलेंगे.

हल्दी , बेसन और दही

सामग्री–

*एक बड़ा चम्मच बेसन

*एक छोटा चम्मच दही

*एक चुटकी हल्दी

विधि–एक बाउल में तीनो सामग्री को मिला लें और गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें. इसे अपने गर्दन पर लगाएं याद रखें की ये गर्दन पर सुखना नहीं चाहिए. आप इस उबटन का रोज़ाना इस्तेमाल कर सकते हैं. इससे आपको अच्छा रिजल्ट मिल सकता है.

टमाटर का रस और कॉफ़ी पाउडर

सामग्री–

*एक बड़ा चम्मच टमाटर का रस

*एक छोटा चम्मच कॉफ़ी पाउडर

***विधि–इस पैक को बनाने के लिए टमाटर के रस में कॉफ़ी पाउडर को मिक्स करें और स्क्रब करें. इस स्क्रब की मदद से गर्दन को साफ़ करें. इसको दो से तीन मिनट बाद गर्दन से साफ़ कर लें.***



## वेस्टइंडीज के खिलाफ बाबर आजम ने जड़ा शतक, पाकिस्तान ने पांच विकेट से जीता मैच

मुल्तान । कप्तान बाबर आजम ( 103 ) ने शानदार शतक जड़ा, जबकि इमाम-उल-हक (65) और मोहम्मद रिजवान (59) के अर्धशतक से पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में यहां मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में पांच विकेट से हरा दिया।



आजम ने शानदार प्रदर्शन किया, साथ ही इमाम-उल-हक ने उनका साथ दिया। दूसरे विकेट के लिए दोनों खिलाड़ियों के बीच 103 रन की साझेदारी हुई। इसके बाद उन्होंने रिजवान के साथ तीसरे विकेट के लिए 108 रन जोड़े। हालांकि, खुशदिल शाह ने 23 गेंदों पर नाबाद 41 रन बनाए और जीत के साथ मैच को समाप्त किया।

होप के 127 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने 50 ओवरों में आठ विकेट के नुकसान पर 305 रन बनाए, लेकिन बाबर और अन्य बल्लेबाजों की मदद से पाकिस्तान ने 49.2 ओवरों में 306.5 पर पहुंचकर सीरीज का पहला मैच जीत लिया। वेस्टइंडीज के गेंदबाज बाबर आजम को रन बनाने से नहीं रोक पाए और आजम ने गेंद की लाइन और लेंथ का बखूबी इस्तेमाल करते हुए शानदार शतक जड़ा और टीम को एक मजबूत स्कोर पर पहुंचाया। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह बाबर का लगातार तीसरा शतक था। इसका मतलब यह भी था कि वह एकदिवसीय क्रिकेट के इतिहास में दो अलग-अलग मौकों पर लगातार तीन शतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। बाबर की पारी ने उन्हें 17 एकदिवसीय शतक बनाने वाले सबसे तेज खिलाड़ी और कप्तान के रूप में सबसे तेज 1,000 एकदिवसीय रन पूरे करने के लिए भी देखा। उन्होंने 107 गेंदों में 103 रन बनाए और नौ चौके लगाए।

27 वर्षीय खिलाड़ी ने हाल ही में खेल के तीनों प्रारूपों में नंबर-1 स्थान पाने वाले पहले खिलाड़ी बनने का लक्ष्य रखा है। बाबर मुल्तान में तीन अंकों तक पहुंचने वाले एकमात्र खिलाड़ी नहीं थे क्योंकि वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज शाई होप ने 127 रन के साथ अपना 12वां एकदिवसीय शतक जड़ा।

## हमने अपनी गलतियों पर काम किया, टीम बेल्जियम से भिड़ने के लिए तैयार है : सविता



**ब्रूसेल्स।** एफआईएच महिला हॉकी प्रो लीग में तीसरे स्थान पर काबिज भारतीय टीम इस सप्ताह के अंत में एंटवर्प के स्पोर्टसेंट्रम विल्रिजक्स प्लेन स्टेडियम में वर्ल्ड नंबर 7 बेल्जियम से भिड़ेगी।

भारतीय टीम के वर्तमान में 8 मैचों में 22 अंक हैं और 11 और 12 जून को दो मैचों में बेल्जियम से भिड़ेगी। एफआईएच प्रो लीग में ये दो मैच और उसके बाद के खेल भी स्पेन और नीदरलैंड में होने वाले आगामी विश्व कप के लिए महत्वपूर्ण तैयारी होगी। भारत, जिन्होंने हाल ही में अच्छा प्रदर्शन किया है और विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर आ गया है, वर्तमान में अर्जेंटीना और नीदरलैंड के बाद प्रो लीग 2021/22 में तीसरे स्थान पर है। दूसरी ओर, बेल्जियम इस समय 8 मैचों में 12 अंकों के साथ तालिका में सातवें स्थान पर है।

### एक नजर

## मुंबई ने उत्तराखंड को 725 रन से रौंदा

### शेफील्ड शील्ड का 92 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

**बेंगलुरू ।** मुंबई ने गुरुवार को यहां रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के चौथे दिन उत्तराखंड को 725 रन के विशाल अंतर से रौंदकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सबसे बड़े अंतर से जीत दर्ज करने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। मुंबई ने न्यू साउथ वेल्स के 92 साल पुराने शेफील्ड शील्ड के रिकॉर्ड को तोड़ा। न्यू साउथ वेल्स ने तब क्वीन्सलैंड को 685 रन से हराया था। रणजी ट्रॉफी में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत का पिछला रिकॉर्ड बंगाल के नाम था जिसने 1953-54 में ओडिशा को 540 रन से हराया था। मुंबई के विश्व रिकॉर्ड से एक दिन पहले बंगाल ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में झारखंड के खिलाफ एक पारी में सर्वाधिक नौ बल्लेबाजों के 50 या इससे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया। मुंबई की टीम अब सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश से भिड़ेगी। पहले दिन से ही दबदबा बनाने वाले 41 बार के रणजी चैंपियन मुंबई ने अपनी दूसरी पारी तीन विकेट पर 261 रन बनाकर घोषित की और उत्तराखंड को 794 रन का लक्ष्य दिया। मुंबई ने पदार्पण कर रहे सुवेद पार्कर (252) के दोहरे शतक की बदौलत पहली पारी आठ विकेट पर 647 रन बनाकर घोषित की थी। पहली पारी में 114 रन पर ढेर हुआ उत्तराखंड दूसरी पारी में सिर्फ 69 रन ही बना सका। मुंबई की ओर से अनुभवी तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी ने 11 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि बाएं के स्पिनर शम्स मुलानी (15 रन पर तीन विकेट) और आफ स्पिनर (13 रन पर तीन विकेट) ने भी तीन-तीन विकेट चटकाए। उत्तराखंड की ओर से शिवम खुराना (नाबाद 25) और कुणाल चंदेला (21) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। उत्तराखंड के पांच बल्लेबाज खाता खोलने में भी नाकाम रहे। पार्कर को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

## राष्ट्रीय खेलों के लिए 80-85 प्रतिशत बुनियादी ढांचा तैयार : गोवा मंत्री

**पणजी ।** गोवा के खेल मंत्री गोविंद गौड़े ने गुरुवार को कहा कि राज्य में राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए 80-85 फीसदी बुनियादी ढांचा तैयार कर लिया गया है।

पत्रकारों से बात करते हुए गौड़े ने यह भी कहा कि राज्य सरकार राज्य में अंडर-17 फीफा विश्व कप की सह-मेजबानी के लिए खेल सुविधाओं को अंतिम रूप दे रही है।

खेल मंत्री ने कहा, दिसंबर तक राष्ट्रीय खेलों के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे को पूरा कर लिया जाएगा। फिलहाल अभी 80 से 85 प्रतिशत हिस्सा तैयार है। अंडर-17 फीफा विश्व कप भी गोवा में आयोजित किया जाएगा और हम इसके लिए बुनियादी ढांचे में सुधार कर रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा, बुनियादी ढांचा पहले ही बनाया जा चुका है। जो अधूरा है उसे पूरा किया जाएगा। कुछ चीजों को नए सिरे से बनाना होगा। गोवा सरकार पहले ही प्रस्तावित राष्ट्रीय खेलों के लिए बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर लगभग 450 करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है। पिछला सीजन 2011 में झारखंड में आयोजित किया गया था।

खेल मूल रूप से नवंबर 2016 में गोवा में आयोजित होने वाले थे। बार-बार देरी के बाद अक्टूबर 2021 में खेलों को आयोजित किया जाना था, लेकिन कोविड महामारी के कारण इसे फिर से स्थगित कर दिया गया था।

भारत की हार के कारण

## श्रेयस का कैच ड्रॉप पड़ा भारी, डुसेन ने 75 रन बनाए; 9वें ओवर के बाद विकेट नहीं गिरा, 3 गेंदबाजों ने 40+ रन लुटाए

टीम इंडिया टी-20 इंटरनेशनल में लगातार 13 मैच जीतने का रिकॉर्ड बनाने से चूक गई। साउथ अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में भारत को 7 विकेट से हरा दिया। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में भारत ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए चार विकेट पर 211 बनाए थे। ईशान किशन ने सबसे ज्यादा 76 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका ने 19.1ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। आइए आपको बताते हैं टीम इंडिया को इस मैच में हार क्यों झेलनी पड़ी...



इस मैच में भारत की हार की सबसे बड़ी वजह गेंदबाजों का फ्लॉप शो रहा। अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने 4 ओवर में 43 रन दिए। वहीं, आवेश खान ने 4 ओवर में 35 रन खर्च कर दिए। हर्षल पटेल भी खासे महंगे साबित हुए और उन्होंने भी 4 ओवर में 43 रन दिए। पहली बार कप्तानी कर रहे ऋषभ पंत भी प्रभावित नहीं कर सके। हैरानी की बात यह रही कि उन्होंने लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल से सिर्फ 2.1 ओवर ही करवाए। साथ ही शुरू के ओवरों में लगातार गेंदबाजी में बदलाव करते रहे, जिसका फायदा कुछ खास नहीं हुआ। वहीं, उन्होंने मिलर का एक गलत DRS भी लिया।

### अय्यर का कैच छोड़ना पड़ा भारी

साउथ अफ्रीका टीम इंडिया के खिलाफ लगातार छठा मुकाबला जीती।

साउथ अफ्रीका ने जीता पहला टी-20

## 212 का टारगेट देने के बावजूद वर्ल्ड रिकॉर्ड नहीं बना पाया भारत, रेसी-मिलर ने जीत छीनी

टीम इंडिया टी-20 इंटरनेशनल में लगातार 13 मैच जीतने का रिकॉर्ड बनाने से चूक गई। साउथ अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में भारत को 7 विकेट से हरा दिया। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में भारत ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए चार विकेट पर 211 बनाए। ईशान किशन ने सबसे ज्यादा 76 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका ने 19.1ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। डेविड मिलर ने 64 और रेसी वान डेर डुसेन ने 75 रनों की पारी खेली। इन दोनों ने चौथे विकेट की साझेदारी में 131 रन जोड़े।



भुवनेश्वर ने 4 ओवर में 43 रन तो वहीं, आवेश खान ने 4 ओवर में 35 रन खर्च कर दिए।

भुवनेश्वर ने 4 ओवर में 43 रन तो वहीं, आवेश खान ने 4 ओवर में 35 रन खर्च कर दिए।

इस मैच में भारत की हार की सबसे बड़ी वजह गेंदबाजों का फ्लॉप शो रहा। अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने 4 ओवर में 43 रन दिए। वहीं, आवेश खान ने 4 ओवर में 35 रन खर्च कर दिए। हर्षल पटेल भी खासे महंगे साबित हुए और 4 ओवर में 43 रन दिए। पहली बार कप्तानी कर रहे ऋषभ पंत भी प्रभावित नहीं कर सके। हैरानी की बात यह रही कि उन्होंने लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल से सिर्फ दो ओवर ही करवाए।

# मरवाही जिले में हाथियों का आतंक, तालाब से लौट रहे दो मनरेगा मजदूरों पर किया हमला, एक की मौत और दूसरा घायल

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बिलासपुर संभाग के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में हाथियों ने दस्तक दी है। मध्य प्रदेश के अनूपपुर होते हुए छत्तीसगढ़ पहुंचे हाथियों ने मरवाही वन परिक्षेत्र के सिवनी मालाडांड़ में आतंक मचाया है। हाथियों के दल ने दो मजदूरों पर हमला कर दिया, जिससे एक मनरेगा मजदूर की मौत हो गई, जबकि दूसरा गभीर रूप से घायल है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वन विभाग के कर्मियों को हाथियों की निगरानी में लगाया गया है। हाथियों की मौजूदगी वाले इलाके से ग्रामीणों नहीं जाने मुनादी कराई गई है।

मिली जानकारी अनुसार मरवाही वन परिक्षेत्र के मालाडांड़ के सिवनी वन क्षेत्र में तीन दंतैल के आने की सूचना है। हाथी संभवत~ रात को क्षेत्र में पहुंचे हैं। हाथियों के आने की कोई सूचना वन विभाग को नहीं थी। बताया जाता है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूर तालाब गहरीकरण का



काम खत्म करके लौट रहे थे, तभी 2 मजदूर बदीराम और सहदेव पनिका का सामना हाथियों से हो गया। हाथी ने दोनों ग्रामीणों पर हमला कर दिया, जिससे बदीराम और सहदेव को गंभीर चोट आई। दोनों को मरवाही स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां बदीराम की मौत हो गई।

### ग्रामीणों के शोर के बाद हिंसक हुआ हाथी

अचानक हाथी को देखने के बाद ग्रामीणों शोर मचा दिया, जिससे वे आक्रमक हो गए। हाथी ने मजदूरों पर हमला करने दौड़ा दिया। मजदूरों की आवाज सुनकर दूसरे लोग वहां पहुंचे, तब तक हाथियों ने दोनों मजदूरों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। ग्रामीणों द्वारा किसी तरह हाथियों को खदेड़ा गया, जिसके बाद घायलों को 112 की मदद से अस्पताल लाया गया। दोनों को मरवाही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के बाद गौरेला स्थित जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने बदीराम को मृत घोषित कर दिया। वहीं सहदेव का इलाज चल रहा है। इधर वन विभाग के कर्मचारियों को हाथियों की निगरानी के लिए तैनात किया गया है।

## एक नजर

### पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन तिथि बढ़ाई

**बिलासपुर।** गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, (केन्द्रीय) बिलासपुर, रोलिंग विज्ञापन संख्या 3310/भर्ती/प्रशा./2022 दिनांक 24.08.2022 के संदर्भ में निम्नलिखित विषय में विभिन्न पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाई 20.06.2022 है।

मानवशास्त्र, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, वनस्पति शास्त्र, केमिकल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, रसायनशास्त्र, सिविल इंजीनियरिंग, कार्मस विभाग कम्प्यूटर साइंस इजीनियरिंग, अर्थशास्त्र विभाग, शिक्षा विभाग, कम्प्यूटर साइंस इजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, अंग्रेजी, फोरेसिंक साइंजी, वानिकी विभाग, मानव संसाधन केन्द्र, इंडिस्ट्रीयल एण्ड प्रोडक्शन इंजीनियरिंग, इन्फरमेंस टेक्नॉलाजी इंजीनियरिंग, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, विधि विभाग, पुस्तकालय सूचना विज्ञान विभाग, प्रबंध अध्ययन, गणित, मेकेनिकल इंजीनियरिंग, फार्मेसी, अनुप्रयुक्त भौतिकी विभाग, राजनीति शास्त्र, ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग, प्राणी शास्त्र, समाज कार्य विभाग।

### प्रधानमंत्री के 08 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर युवा मोर्चा ने निकाली विशाल बाइक रैली



**दंतेवाड़ा।** युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुणाल ठाकुर के नेतृत्व में दंतेवाड़ा जिले में बाइक रैली निकाली गई ।कुणाल ठाकुर ने बताया कि मोदी सरकार 8 वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने पर राष्ट्रीय नेतृत्व के दिशा निर्देश पर भाजपा द्वारा सेवा सुशासन और गरीब कल्याण योजना के तहत अनेक कार्यक्रम किए जा रहे हैं, जिसके अंतर्गत आज युवा मोर्चा द्वारा विकास तीर्थ बाइक रैली निकाली गई जिसमें 300 से अधिक बाइक की संख्या थी। मोर्चा अध्यक्ष ने बताया की भाजपा जिलाध्यक्ष चैतराम अट्टामी जी की उपस्थिति में विधानसभा स्तरीय बाइक रैली भाजपा शासन दौरान निर्मित डीएवी स्कूल पातररास से शुभारंभ कर भाजपा सरकार समय ही निर्मित जावांगा एजुकेशन सिटी में कार्यक्रम समापन किया गया है। युवा मोर्चा व भाजपा कार्यकर्ता जिले के सातों मंडलों से बाइक रैली के माध्यम से दंतेवाड़ा पातररास डीएवी स्कूल में इकट्ठे हुए और रैली प्रारंभ किया गया। बाइक रैली दंतेवाड़ा, कारली होते हुए गीदम पहुंचने पर गीदम मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह के नेतृत्व में पटाखे फोड़ कर रैली का स्वागत किया गया। इसके बाद रैली जावांगा एजुकेशन सिटी पहुंची और कार्यक्रम समाप्त किया गया। इस बाइक रैली में चैतराम अट्टामी जी, महामंत्री संतोष गुप्ता, धिरेन्द्र प्रताप, मुकेश शर्मा, दुर्गा सिंह, ओजस्वी मंडावी, सत्यनारायण महापात्र, कमला विनय नाग, नंदलाल मुडामी,श्रवण कड़ती, रामू नेताम, जयदयाल नागेश, सुनिता भास्कर, पायल गुप्ता, लता मरकाम, खिरेन्द्र ठाकुर,नविन विश्वकर्मा, कुलदीप ठाकुर, स्याम सिंह, सोमड्डु कोर्राम, मंगल धुर्वा, धर्मपाल मिश्रा, युवा मोर्चा महामंत्री राघवेन्द्र गौतम, कृष्णकांत शिवहरे, अभिषेक राठौर, अरविंद कुंजाम, लक्ष्मी यादव, साजन सिंह, राजतिलक, अविनाश , निखिल, अजय अवस्थी, जितेंद्र वट्टी, दिनेश, राजेश नाग, बंटी टेकाम, उद्देश, बृजेश, बलदेव, राहुल, श्रिकांत राव, वेणु, संभु यादव, नंदलाल यादव, रोनाल्डो? इत्यादि युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पुलिस सखी, महिला कमांडो सम्मान समारोह आयोजित

**गरियाबंद ।** पुलिस पुलिस अधीक्षक जेआर0ठाकुर के निर्देशन पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रेश सिंह ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में आज ग्राम तर्रा में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पुलिस और जनता के बेहतर समन्वय स्थापित करने,अपराधों पर नियंत्रण लगाने के उद्देश्य से थाना पाण्डुका क्षेत्र में विभिन्न कार्यो में व अपराध नियंत्रण में सहयोग करने वाली महिला कमाण्डो का ''सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला गरियाबंद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रेश ठाकुर उपस्थित रहे। जिनके द्वारा वहाँ उपस्थित लोगों से ग्राम स्तर पर अपराध नियंत्रण,नशा मुक्ति,महिला सशक्तिकरण,अनैतिक क्रियाकलापों,बालविवाह,टोनही प्रताड़ना,सायबर क्राईम, अंधविश्वास आदि सामाजिक बुराइयों बचने तथा समाज मे व्याप्त नशा,जुआ,सट्टा एवं महिला अत्याचार आदि गतिविधियों के संबंध में तत्काल थाना को सूचित करने के संबंध में बताया गया। उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने महिला कमांडो के सहयोग से अब तक अपराध नियंत्रण में पुलिस को मिली सफ्लताओं के बारे में बताया गया। इस दौरान समस्त महिला कमांडो को रात्रि भ्रमण के लिए चॉर्च ,सीटी वितरण किया गया ।

## सवा करोड़ का गांजा गांजा तस्कर गिरफ्तार



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ में गांजा तस्करी का फिर एक बड़ा मामला फूटा। पुलिस को चकमा देने आम के नीचे भारी मात्रा में गांजा छिपाकर तस्करी की जा रही थी, लेकिन तस्कर की यह चालाकी काम नहीं आई। महासमुंद की पुलिस ने अंतर्राज्यीय तस्कर को दबोच लिया। आरोपी के कब्जे से 610 किलो गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ 22 लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपी गांजा को ओडिशा से छत्तीसगढ़ के रास्ते मध्य प्रदेश लेकर जा रहा था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है, जिसमें गिरोह की जानकारी मिलने की संभावना जताई जा रही है।

महासमुंद एसपी विवेक शुक्ला ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी, जिसके बाद सिंघोड़ा थाना प्रभारी को प्वाइंट दिया गया। चेकिंग के दौरान ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर तेजी से आ रहे छह चक्का ट्रक क्रमांक रू॥ 40 ष्ठ 5067 को रोका गया। वाहन चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम विजय सिंह (44 वर्ष) निवासी सांई कालोनी संचार नगर कृषि उपज मंडी जबलपुर, थाना-माडोताल जिला-जबलपुर (मध्य प्रदेश) का रहने वाला बताया। पूछताछ करने पर ट्रक में आम का परिवहन कर मध्य प्रदेश ले जाना बताया। ओडिशा से मध्य प्रदेश आम ले जाने पर पुलिस को संदेह हुआ।

## सीयू का एचआरडीसी गुणवत्तापूर्ण शिक्षण का प्रमुख केन्द्र- कुलपति प्रो. चक्रवाल

देश के बेहतरीन मानव संसाधन विकास केन्द्रों में हुआ शामिल

बिलासपुर। गुरू घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) का विश्वविद्यालय अनुदान आयोग- मानव संसाधन विकास केन्द्र राष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग में 33वें पायदान पर पहुंच गया है। राज्य विश्वविद्यालय से केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में उन्नयन के पश्चात वर्ष 2009 में मानव संसाधन विकास केन्द्र की स्थापना हुई थी।



एचआरडीसी के वरीयता क्रम में 33वें पायदान पर आने पर विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने हर्ष व्यक्त करते हुए आने वाले समय में इससे बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद जताई। कुलपति महोदय प्रो. चक्रवाल ने कहा कि बेहतर अधिगम के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षित एवं नये अनुभवों के साथ प्रोत्साहित होना आवश्यक है। ऐसे में मानव संसाधन विकास केन्द्रों की भूमिका अहम हो जाती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शिक्षकों के अनुसंधान, शोध, नवाचार एवं प्रशिक्षण पर विशेष बल दिया गया है। विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के समस्त प्रावधानों को पूर्णरूप से क्रियान्वित करने का प्रयास कर रही है। विश्वविद्यालय का यूजीसी मानव संसाधन विकास केन्द्र शिक्षकों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है। ऐसे में शिक्षण की गुणवत्ता एवं विभिन्न शिक्षण प्रणालियों को अपनाते हुए विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करना चुनौतीपूर्ण कार्य है।

**सीयू के एचआरडीसी ने किया रैंकिंग में सुधार**

विश्वविद्यालय का मानव संसाधन विकास केन्द्र शिक्षकों के लिए इन चुनौतियों को सुगम बनाने का साधन है। विश्वविद्यालय का यूजीसी मानव संसाधन विकास केन्द्र सभी केन्द्रों में युवा केन्द्र है। ऐसे में केन्द्र की यह उपलब्धि विभिन्न मायनों में अहम है। केन्द्रीय विश्वविद्यालय की साल 2012 में रैंकिंग अंतिम पायदान 66वीं थी। देश के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों हेतु केन्द्र में पुश्यर्चा कार्यक्रम, उन्मुखीकरण कार्यक्रम, गुरु दक्षता, कार्यशाला एवं शॉर्ट टर्म कोर्स का आयोजन किया जाता है।



## अबुआ दिशुम अबुआ राज बिरसा मुण्डा नाटक की टाउन हॉल जगदलपुर में की गई प्रस्तुति

नाटक की जीवंत प्रस्तुति से दर्शक हुए अभिभूत




**जगदलपुर।** भारत सरकार के दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र नागपुर के तत्वावधान में बस्तर जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार 9 जून को टाउन हॉल जगदलपुर में देश के महान क्रांतिकारी बिरसा मुंडा के जीवन एवं संघर्षों पर आधारित 'अबुआ दिशुम अबुआ राज बिरसा मुण्डा' नाटक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संसदीय सचिव रेखचंद जैन उपस्थित थे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री धर्मपाल सैनी ने किया। कलेक्टर रजत बंसल, दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र नागपुर के सहायक संचालक गोपाल बेतवा सहित कला, साहित्य एवं रंगकर्म क्षेत्र के अनेक गणमान्यजन कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर 'अबुआ दिशुम अबुआ राज बिरसा मुण्डा' नाटक के कलाकारों ने महान क्रांतिकारी बिरसा मुंडा की जीवनी, संघर्षों एवं उनके योगदानों की जीवंत प्रस्तुति अतिथियों एवं दर्शकों को अभिभूत कर दिया। इस दौरान कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से बेहतरीन समा बांधते हुए दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। पूरे कार्यक्रम के दौरान बेहतरीन नाटक के मंचन से दर्शक मंत्रमुग्ध नजर आ रहे थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा कि बिरसा मुण्डा जनजाति समाज सहित पूरे देश के गौरव हैं। अपनी मातृभूमि एवं जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजों के खिलाफ किए गए उनके गौरव गाथा की जानकारी हमारी नई पीढ़ी को देना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार आदिवासियों की कला, संस्कृति एवं उनकी बोली, भाषा का संरक्षण एवं संवर्धन कर इस दिशा में बेहतरीन कार्य कर रही है। श्री जैन ने बेहतरीन नाटक की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कलाकारों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कलेक्टर रजत बंसल ने 'अबुआ दिशुम अबुआ राज बिरसा मुण्डा' नाटक की सजीव प्रस्तुति की भूरी-भूरी सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारे महान सपूतों एवं जनजाति समाज के नायकों के स्वाधिनता आंदोलन एवं राष्ट्र के नव निर्माण में योगदानों को नई पीढ़ी को परिचित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वाधीनता आंदोलन में बस्तर सहित पूरे देश के जनजाति समाज के महापुरुषों की उल्लेखनीय भूमिका रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशा अनुरूप आदिवासियों की बोली, भाषा, कला, संस्कृति, रहन, सहन को सहेजने तथा उनके संरक्षण और संवर्धन के लिए बस्तर जिले के आसना में बस्तर एकेडमी ऑफ डांस, आर्ट एंड लेंग्वेज बादल की स्थापना की गई है। यह संस्थान जनजाति समाज सहित समूचे बस्तर संभाग के निवासियों के कला, संस्कृति, बोली, भाषा सहित अन्य विशेषताओं के संरक्षण व संवर्धन के लिए महत्वपूर्ण संस्थान साबित होगी। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम दिनेश नाग, संयुक्त कलेक्टर हितेश बघेल सहित जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी-कर्मचारियों एवं कला, साहित्य एवं रंगमंच जगत के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## गंगा-दशहरा पर बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती की आरती में शामिल हुए सैकड़ों श्रद्धालु

विधायक, पूर्व विधायक सहित जन-प्रतिनिधियों ने भी की पूजा में शिरकत





**जगदलपुर।** शहर के लक्ष्मीनारायण मंदिर प्रवीर वार्ड एवं महादेव घाट में आयोजित गंगा दशहरा पर बस्तर की प्राणदायिनी इंद्रावती नदी की श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना कर आरती की गयी। जहां बस्तरवासियों द्वारा जीवनदायिनी इंद्रावती नदी की पूजा अर्चना कर बस्तर व छत्तीसगढ़ के सुख-शांति, समृद्धि की कामनाएं की गयी।

इस अवसर पर आरती में शामिल होने पहुंचे विधायक व संसदीय सचिव नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग रेखचंद जैन ने कहा कि पवित्र पावनी मां गंगा के अवतरण दिवस पर बस्तर की जीवनदायिनी नदी इंद्रावती की पूजा अर्चना करने की परंपरा आलौकिक है। हमारे धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जहां भी प्रवाहित नदी हो, वह ही गंगा है, हमारे बस्तर की जीवनदायिनी नदी इंद्रावती है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नलवा गरवा घुरवा बारी के विकास के मूल मंत्र को लेकर कार्य कर रहे हैं जिसमें की नरवा (नदी) अथवा जल श्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य किया जा रहा है। बस्तर की प्राणदायक इंद्रावती नदी के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए इंद्रावती विकास प्राधिकरण के गठन की घोषणा की गई है, जो जल्द ही अस्तित्व में आ जाएगा। हमारी सरकार सभी जल श्रोतों को जीवनदायिनी गंगा मानते हुए इसके संरक्षण-संवर्धन के लिए कृत संकल्पित है।

## जिला चिकित्सालय में आयोजित मेगा कैम्प में 158 बच्चों का नि:शुल्क जांच एवं उपचार

विधायक डॉ के के ध्रुव ने की सराहना

**गौरेला पेण्ड्रा मरवाही ।** जिला चिकित्सालय में गुरुवार को आयोजित मेगा कैम्प में 0 से 18 वर्ष के आँगनबाडी और स्कूल में पंजीकृत बच्चों का जांच एवं उपचार किया गया। कैम्प में न्यूरल ट्र्युव दोष, हृदय रोग, होठ एवं तालु की विकृति, पैर की विकृति, जन्मजात मोतिया बिन्द, जन्मजात बधिरता, जन्मजात हृदय रोग, कान का संक्रमण, दंत रोग, दृष्टि दोष, सुनने में परेशानी, मासपेशियों में विकार, कुष्ट रोग, टी.बी. रोग, अति कुपोषित बच्चे अथवा अन्य बीमारियों के बच्चों का नि:शुल्क जांच एवं उपचार किया गया। विधायक डॉ. के. के. ध्रुव ने शिविर का निरीक्षण कर सराहना की और डॉक्टरों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने चिन्हांकित बच्चों का स्वास्थ्य सुविधा जल्द मुहैया कराने को कहा।




शिविर में 158 बच्चों का पंजीयन हुआ। इसमें 14 बच्चे पोषण पुर्नवास केन्द्र के भी सम्मिलित थे। पंजीकृत बच्चों में 36 बच्चों में जन्मजात हृदय रोग से संबंधित प्रकरणों में इको जाँच किया गया, जिसमें से 6 बच्चो को श्री नारायणा अस्पताल रायपुर में विशेषज्ञ चिकित्सको के द्वारा जाँच उपरात ऑपरेशन हेतु चिन्हांकित किया गया और 7 बच्चों का फॉलोअप इलाज हेतु चिन्हांकित किया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु अंतर्गत जिले में कार्यरत चिरायु दलो द्वारा विभिन कैटेगरी के 0 से 18 वर्ष तक के चिन्हांकित बच्चो के स्वास्थ्य परिक्षण एवं उपचार हेतु आयुष्मान भारत में अनुबंधित निजी चिकित्सालय श्री नरायणा अस्पताल रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. दीपन दास (हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ राजीव मिश्रा (नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ), डॉ रूपेश वर्मा (न्युरोसर्जन) एवं श्री साकेत तिवारी (इको टेक्निसीयन) के साथ ही जिला स्तर के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. हेमत तवर (हडडी रोग विशेषज्ञ), डॉ. एस. के. अर्गल (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. पारस जैन (दंत चिकित्सक), डॉ. चेतन मुदलियार (हड्डी रोग विशेषज्ञ) डॉ भरत भूषण त्रिपाणी (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ श्रीमती ज्योति माला बजारे (फिजोथेरपिस्ट) डॉ. एम.एस. मार्को (एमडी मेडिसिन) और डॉ. इकबाल अन्सारी (नेत्र रोग विशेषज्ञ) ने सेवाए दी।

शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र सिंह पैकरा, सिविल सर्जन डॉ. कौशल प्रसाद एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमति नीलू घृतलहरे, जिला सहालकार इमरान खान, अरविद सोनी विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक एवं जिले के समस्त चिरायु दल एवं स्वास्थ्य अधिकारी थे।

# जशपुर के साप्ताहिक बाजार में खुलेआम गौमांस बिक्री की घटना के विरोध में पत्थलगांव के व्यवसाईयो ने किए प्रतिष्ठान बंद

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

जशपुर के साप्ताहिक बाजार में खुलेआम गौमांस बिक्री की घटना को लेकर पत्थलगांव के व्यवसाईयो ने प्रतिष्ठानो को बंद किया है।





विदित हो कि जिले के जशपुर में साप्ताहिक बाजार के कपड़ा दुकान मे गौमांस खुलेआम बिक्री किए जाने की घटना को लेकर जशपुर सहित जिले के अन्य जगहों में भाजपा युवा मोर्चा व विश्व हिंदू परिषद के आह्वान पर आज दुकानों को बंद किया गया।

जिसे लेकर पत्थलगांव में आज सुबह से ही भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बाइक में भ्रमण कर व्यवसायीयो से अपने अपने प्रतिष्ठानो को बंद करने की अपील की है। बता दें कि जिले जशपुर में जिस स्थान पर घटना हुई थी,उसे पूरी तरह से खाली कराया जा रहा है।

इस दौरान युवा शहर के अंबिकापुर मार्ग, जशपुर मार्ग, रायगढ़ मार्ग में बाइक द्वारा भ्रमण कर रहे लोगों को बताया कि जशपुर के साप्ताहिक बाजार में खुलेआम गौ मांस बेचे जाने की हिमाकत करने के विरोध में आज प्रतिष्ठानों को बंद कर इस प्रकार के कृत्य की निंदा करते हैं।

दरअसल जशपुर जिले से लगे उड़ीसा झारखंड के राज्य में गौ तस्करी धड़ल्ले से की जाती है आए दिनों गौ तस्करी के मामले सुर्खियों में बने होते हैं। गौ तस्कर बेखौफ होकर गायों की तस्करी कर उन्हें ले जाकर बूचड़खानो में बेच देते है। इस दौरान युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अंकित बंसल ने कहा कि खुलेआम जशपुर में गौ मांस बिक्री की घटना से हमारे धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंची है एक हफ्ते पूर्व वट सावित्री के दिन मूत्र विसर्जन की घटना हुई साथ ही जिले में महादेव के मंदिर से शिवलिंग चोरी होने की घटना होने से असमाजिक तत्वों के हौसले लगातर बुलंद हो रहे है। जब तक इन जैसे मामलों में प्रशासन द्वारा कड़ी कार्यवाही नही की जाती है तो युवा मोर्चा आंदोलन के लिए बाध्य होगा। असमाजिक तत्वों ने जशपुर के सौहाद्रपूर्ण वातावरण को दूषित करने का काम किया है इसे नाकारा नहीं जा सकता।

इस दौरान जिला महामंत्री अवधेश गुप्ता ने कहा कि जिले में इस प्रकार के कृत्य किए जाने वालों पर प्रशासन को तत्काल नकेल कसनी चाहिए जिससे की खुलेआम जिले के साप्ताहिक बाजार में गौ मांस की बिक्री के बारे में कोई सोच भी ना रख सके। इस प्रकार के कृत्य किए जाने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। अगर प्रशासन इस प्रकार के कृत्य किए जाने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई नहीं करती है तो भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता आने वाले समय में आंदोलन के लिए बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## असामाजिक तत्वों द्वारा जशपुर कीर्तन भवन के पास गौ मांस बेचने की घटना असहनीय - प्रबल प्रताप सिंह जूदेव

*जिला मुख्यालय मे आज शाम कीर्तन भवन के पास गौ मांस बेचने की घटना सामने आई है जिसके बाद जिले का माहौल पुरी तरह से बिगड़ता नजर आ रहा है इस घटना को लेकर हिन्दु कुल तिलक भाजपा प्रदेश मंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कहा कि गौ मांस खुलेआम जशपुर में बेचने की घटना हमारे धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ है एक सप्ताह पहले वट सावित्री के दिन पेशाब फेंकने की घटना कहीं जान बूझकर तो नहीं की जा रही है क्योंकि इसवर्ष के शुरुआत से लगातार मंदिरों के मूर्तियों को खंडित करने की घटना ने जशपुर के सौहाद्रपूर्ण वातावरण को दूषित करने का काम किया है इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने घटना स्थल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और पुलिस अधीक्षक को स्थिति के गंभीरता से अवगत करवाया। उन्होंने अक्रोशित युवाओं को प्रशासन की कार्यवाही तक शांत करवाते हुए आह्वान किया अगर आगे इस तरह की घटना की पुनरावृति हुई तो प्रशासन इसके लिए जिम्मेदार होगा।हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले विधर्मियों को माफ नहीं किया जाएगा प्रशासन और शासन ऐसे असामाजिक तत्वों पर जल्द कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें।*

## एक नजर

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 17 जून तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

एकीकृत बाल विकास परियोजना सारंगढ़ अंतर्गत ग्राम-सोनाडुला में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों का मूल्यांकन समिति द्वारा परीक्षण कर अन्तिम मूल्यांकन सूची तैयार की गयी है। उक्त सूची के संबंध किसी भी आवेदिका को कोई आपत्ति हो तो वे 17 जून 2022 शाम 5 बजे तक एकीकृत बाल परियोजना सारंगढ़ में दावा-आपत्ति जमा कर सकते है। दावा-आपत्ति में किसी भी प्रकार के नवीन दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जाएगा। केवल कार्यालयीन स्तर से हुई लिपिकीय त्रुटि पर दावा-आपत्ति मान्य होगा। नियत तिथि व समय पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### जिले में स्थापित उद्योगों से वर्तमान में किए जा रहे जल उपयोग एवं आवश्यकता के आंकलन हेतु मांगी गयी जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महानदी बेसिन अंतर्गत क्षेत्र में आने वाले जिलों में स्थापित जल आधारित उद्योगों तथा प्रस्तावित उद्योगों के द्वारा वर्तमान में उपयोग किये जा रहे जल की मात्रा एवं भविष्य में आवश्यक जल की मात्रा की जानकारी का आंकलन किया जा रहा है। जल संसाधन विभाग छ.ग.पर्यावरण सरंक्षण मंडल एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ द्वारा उद्योगों की जानकारी संकलित की जा रही है। इसमें सतही जल, भूमिगत जल से बोरवेल के माध्यम से प्राप्त जल, ई.टी.पी.का जल की जानकारी शामिल है। महानदी जल प्राधिकरण द्वारा 2050 तक जल की आवश्यकता का आंकलन किया जा रहा है ताकि उपलब्धता के अनुसार जल के उपयोग की अनुमति दिया जा सके। मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ श्री शिव कुमार राठौर द्वारा इस संबंध में उद्योगों को पत्र जारी गया है।

### आईटीआई सरिया में व्हीटीपी रजिस्टर्ड कोर्स में प्रशिक्षण हेतु 20 जून तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत कौशल प्रशिक्षण हेतु वर्ष 2022-23 में आईटीआई सरिया में प्रवेश प्रारंभ किया जाना है। उक्त प्रशिक्षण हेतु व्हीटीपी कोर्स में 20 जून 2022 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिसमें कोर्स प्लम्बर जनरल (असिस्टेंट)एवं इलेक्ट्रिकल डोमेस्टिक सॉल्युशन में रिक्त सीटों की संख्या 30-30 है। इच्छुक आवेदक नियत तक कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

# 16 जून से जिले में शिक्षा के मंदिर फिर होंगे गुलजार

नौनिहालों को तिलक-वंदन कर जिले भर के स्कूलों में मनाया जाएगा शाला प्रवेशोत्सव

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

शिक्षा के बिना विकास की कल्पना अधूरी है। पढ़ लिख कर ही बच्चे शिक्षा व विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकते हैं। अच्छी शिक्षा ही छात्र के जीवन के विकास का आधार होती है जिसके बलबूते ही छात्र अपने जीवन में सफलता की नयी ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं।



एक लंबे ग्रीष्मावकाश के बाद 16 जून 2022 से पुन: शिक्षा के मंदिर गुलजार होने जा रहे हैं। नौनिहालों के आगमन से जिले के विद्यालयों में शिक्षा के चमन फिर से खिल उठेंगे जिसकी पूर्व तैयारी शासन प्रशासन व विभागीय स्तर पर पूर्ण हो चुकी है। जिसके तहत 16 जून को नवागत छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिला कर उनका तिलक वंदन से स्वागत करते हुए जिले भर के स्कूलों में जिला, विकासखंड व संकुल स्तर पर शाला प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा जिसमें जिले के कलेक्टर, विधायक, स्थानीय जनप्रतिनिधि आदि शाला प्रवेश उत्सव के इस पुनीत कार्य के सहभागी व साक्षी बनेंगे। शिक्षा के लोकव्यापी करण के लिए शासन, प्रशासन व स्कूल शिक्षा विभाग हमेशा से दृढ़ संकल्पित रहा है। स्कूल चले हम अभियान के तहत नि:शुल्क गणवेश वितरण, पाठ्य पुस्तक वितरण, मध्यान्ह भोजन, साईकिल वितरण, छात्रवृत्ति वितरण आदि योजनाओं के माध्यम से शिक्षा को प्रोत्साहित करने कार्य यह पुनीत प्रयास हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जारी रहेगा। बच्चों के भविष्य पर ही देश का भविष्य निर्भर है अत: शाला जाने योग्य प्रत्येक बच्चों को शाला में प्रवेश दिलाते हुए उसे बेहतर शिक्षा प्रदान करना ही शाला प्रवेशोत्सव का प्रमुख उद्देश्य रहेगा। विदित हो कि 16 जून 2022 को शालेय प्रवेश उत्सव के दौरान नौनिहालों का तिलक वंदन कर जिला स्तर, विकासखंड स्तर व संकुल स्तर पर जिले के हर विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक व नि:शुल्क गणवेश वितरण करते हुए नियमित रूप से स्कूल आने व मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि वर्तमान नवीन शैक्षणिक सत्र 2022-23 में 16 जून से ही राज्य के प्रत्येक जिले में बालवाड़ी भी अस्तित्व में आ जाएगी जिसके तहत प्री प्राइमरी शिक्षा की तैयारी भी शासन प्रशासन व विभागीय स्तर पर पूर्ण हो चुकी है। विदित हो कि 16 जून से ही प्रत्येक स्कूल में पढ़ाई प्रारंभ किया जाना है। सभी शिक्षक उपस्थित होंगे तथा कक्षाएं लेंगे, इसकी मानिटरिंग राज्य स्तर तथा जिला स्तर से भी की जाएगी।

## अरपा नदी में पिकनिक मनाने गए मां-बेटे की डूबकर मौत

**बिलासपुर** । बिलासपुर के अरपा नदी में पिकनिक मनाने गए मां और बेटे की नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतक शिक्षिका अपने पति, बहन दामाद, और बच्चों के साथ अरपा लोफंदी में निर्माणाधीन ब्रिज के पास पिकनिक मनाने गई थी।

# 3 बच्चों में विकसित नही थे शौच मार्ग, एमसीएच में हुई सफल सर्जरी, नवजातों को मिला नया जीवन

2-2 दिनों के बच्चों में जन्म से विकसित नहीं थे शौच मार्ग

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



* एक बच्चे की आंत रह गयी थी अविकसित, डॉक्टरों की टीम ने की सफल सर्जरी
* 10 हजार में किसी 1 में दिखती है ऐसी समस्या

रायगढ़ के एमसीएच अस्पताल (मातृ एवं शिशु चिकित्सालय) के डॉक्टरों ने कठिन सर्जरी कर के 3 बच्चों को नया जीवन दिया है। 2-2 दिनों के 2 बच्चों के जन्म से ही शौच के अंग विकसित नहीं थे। वहीं एक बच्चे की आंत गर्भ से ही अविकसित रह गयी थी। डॉक्टरों ने इतने छोटे बच्चों की सफल सर्जरी की है जिससे अब बच्चे अपनी पूरी जिंदगी सेहतमंद तरीके से जी सकेंगे।

बच्चों की सर्जरी करने वाले डॉक्टरों की टीम को लीड करने वाले पीडियाट्रिक सर्जन डॉ.एस.माने ने बताया कि 2-2 दिनों के बच्चों की सर्जरी अत्यंत जटिल होती है। बच्चों के अंग काफी छोटे होते हैं ऐसे में बहुत ही सावधानी से माइक्रोस्कोपिक सर्जरी करनी होती है। एनेस्थीसिया देने के लिए भी विशेष सतर्कता बरतनी होती है क्योंकि इतने बच्चों का ब्रीथिंग पैटर्न भी काफी अलग होता है। ऐसे मामले 10 हजार में किसी एक बच्चे में देखने को मिलती है और यह रेयर किस्म का ऑपरेशन होता है। उन्होंने बताया कि 3 बच्चों में से 2 में शौच निकासी के लिये मार्ग ही नही बना था जबकि एक बच्चे में आंत गर्भ से ही अविकसित थी। यह गंभीर स्थिति थी ऐसे में तुरंत आपरेशन करना जरूरी था। 2 घंटे लंबे चले ऑपिरेशन से डॉक्टरों की टीम ने बच्चों में शौच के मार्ग डेवलप किया। वहीं 3 घंटे के जटिल आपरेशन के बाद एक बच्चे के अविकसित आंत को भी ठीक किया गया।

### डॉक्टरों की इस टीम ने की सर्जरी

डॉ.एस.माने के नेतृत्व में सफल ऑपरेशन किया गया। डॉ.राजीव एम ने उन्हें असिस्ट किया। एनेस्थेसिया टीम में डॉ.ए.एस.सिदार, डॉ आशुतोष अग्रवाल और डॉ. सौम्य शामिल थीं। तो पीडियाट्रिक टीम में डॉ.एल. के.सोनी और डॉ.अभिषेक अग्रवाल शामिल रहे।

# मछली पालन से समूह हो रही आर्थिक रूप से सशक्त, व्यवसाय को कर रहे विस्तार

समूह की आय में हुयी वृद्धि, परिवार में भी आयी खुशहाली

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिले में महिला समूह द्वारा आर्थिक सशक्तिकरण दिशा में स्वत: बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है। समूह की महिलाएं कृषि कार्यो के अलावा अब स्वयं के व्यवसायिक कार्यो के संचालन में अधिक रूचि दिखा रही है।



क्योंकि अधिकांश महिलाए घर के कार्यो के बाद इन कार्यो को आसानी से समय देकर अच्छी आय अर्जित कर परिवार के भरण-पोषण में सहयोग कर सकती है। इसी का एक उदाहरण देखने को मिला विकासखंड तमनार के ग्राम पंचायत खुरूसलेंगा में जहां 12 समूह की त्रिशक्ति स्व-सहायता समूह द्वारा गांव के गणेश तालाब में 0.316 हेक्टेयर में मछली पालन कर अच्छी आय अर्जित कर रही है। समूह की श्रीमती काम्ती गुप्ता, श्रीमती निर्मला देहरी ने बताया कि मछली पालन के लिए उन्हें 2021-22 में 10 वर्षीय पट्टे पर आबंटित किया गया है। जिसमें पिछले एक साल से समूह द्वारा मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। समूह को मछली पालन विभाग उन्नत किस्म का रोहू, कतला एवं मृगल मछली बीज 50 प्रतिशत के अनुदान पर दिया गया है। समूह के द्वारा एक साल में करीब 10 हजार मछली बीज संचयन किया गया है। मार्च-अप्रैल माह में समूह द्वारा प्रत्येक सप्ताह मत्स्याखेट कर 160-180 रूपए प्रति किलो की दर से मछली विक्रय किया जाता है। जिससे समूह को 70-80 हजार से अधिक का सलाना आय अर्जित हो रही है। समूह की श्रीमती लक्ष्मी देहरी बताती है समूह की सदस्यों द्वारा अन्य कार्यो के बाद शेष समय में यह कार्य किया जा रहा है। जिससे अच्छी आय हो रही है, समूह के आय को बढ़ाने के लिए महिलाओं द्वारा गांव के छोटे तालाबों में मछली पालन को विस्तार देने पर विचार किया जा रहा है। जिससे समूह की आय में वृद्धि के साथ समूह को अधिक लाभ हो सके। समूह की महिलाओं का कहना है कि आज शासन की योजना के फलस्वरूप समूह की सभी महिलाओं के पास वैकल्पिक कार्य के आलावा स्वयं का कार्य है। जिससे आय अर्जित कर घर संचालन करती है। समूह की महिलाओं के कार्यो के फलस्वरूप आज गांव की महिलाओं के आत्मविश्वास में वृद्धि हुई और अन्य आयमूलक कार्यो में रूचि लेने लगी है।

# डी-लिस्टिंग के विरोध में धर्मांतरित ईसाई समुदाय के लोगों ने निकाली महासभा रैली

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



रायगढ़ जिले के विकास खण्ड लैलूंगा के शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल के सामने ईसाई आदिवासी समुदाय के लोग हजारों की संख्या में इकट्ठे होकर डी.लिस्टिंग के विरोध में महा सभा का आयोजन किया गया था। जहां धर्मान्तरित आदिवासियों को डी-लिस्टिंग करने हेतु जनजाति सुरक्षा मंच के माध्यम से डी लिस्टिंग कराये जाने को लेकर कई दिनों से लगातार महारैली एवं सभा करके धर्मान्तरित आदिवासियों को आदिवासियों का आरक्षण लाभ ले रहे हैं जिससे पृथक कराने की मांग को लेकर धर्मान्तरित ईसाई समुदाय के अंतर्गत आने वाले उरांव जनजाती के लोगों के द्वारा सामाजिक रिती रिवाज, रहन सहन, खान पान, तीज त्यौहार, एवं पारंपरिक रीतिरिवाज को छोड़ कर ईसाई धर्म अपना लिये हैं। उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं देने के विरोध में जनजाति समाज के लोगों के द्वारा डी.लिस्टिंग हेतु विभिन्न प्रकार के आंदोलन किये जा रहे हैं। उसके विरुद्ध रायगढ़ एवं जशपुर जिले के धर्मान्तरित ईसाई समुदाय के लोगों के द्वारा लैलूंगा के हाई स्कूल के सामने महा सभा का आयोजन किया गया था। जिसके पश्चात रैली के माध्यम से पूरे लैलूंगा नगर से होते हुए कार्यालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजस्व, न्यायालय लैलूंगा के सक्षम हजारों की संख्या में अपनी उपस्थिति देकर भारत के राष्ट्रपति के नाम से एसडीएम लैलूंगा को ज्ञापन सौंप कर उपरोक्त आंदोलन रत रैली की समाप्ती की गई। वहीं ईसाई समुदाय के वक्ताओं का यह कहना है की यह आरएसएस और भाजपा की एक सोची समझी राजनितिक साजिस का हिस्सा है जिसे जन जाति सुरक्षा मंच के माध्यम से डी.लिस्टिंग कराया जाना कहा गया है । तो वहीं एक ओर धर्मांतरित ईसाई समुदाय के लोगों का यह भी कहना है की वे भारत के संविधान में धर्म के अधार पर उन्हें आरक्षण नहीं मिला है। ऐसे में धर्मांतरित ईसाई आदिवासियों के आरक्षण को कैसे और क्यों डी.लिस्टिंग करने की बात हो रही है। उनका यह भी कहना है की भारत एक गणतांत्रिक देश है जहाँ धर्म निरपेक्ष राज्य होने के नाते यहाँ कोई भी व्यक्ति कुछ भी को मान सकता है। तो ईसाई आदिवासियों की आरक्षण को कैसे समाप्त किया जायेगा। उन्हें कुछ भी करना पड़ेगा वे आखरी दम तक इस लड़ाई को लड़ने को तैयार हैं। आपको यह बता दें उपरोक्त कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक एवं अध्यक्ष दिलीप केरकेट्टा, कार्यकारी अध्यक्ष विमल कुजूर, उपाध्यक्ष मनीराम टोप्पो, उपाध्यक्ष शंकर खेस्स, उपाध्यक्ष मनीराम कुजूर एवं ईसाई समाज के जनपद सदस्य गण तथा सरपंच गण के विशेष सहयोग के कई हजारों की संख्या में बच्चे, बुढ़े, नौजवान और काफ ी संख्या में महिलाएं व पुरूष रैली एवं महासभा कार्यक्रम में उपस्थित हुए।



# नहर निर्माण में निभाई जा रही औपचारिकता, हल्की बारिश में ही धूल गया सीमेंट गिट्टी

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

इन दिनों कोटा ब्लाक के कंचनपुर, मझवानी, पंडरापथरा, आमामुड़ा, नगोई, सोनपूरी बानाबेल में सिंचाई विभाग द्वारा भ्रष्टाचार करते हुए करोड़ रुपए की लागत से नहर निर्माण की औपचारिकता भर निभाई जा रही है।



नहर निर्माण में स्तरहीन गिट्टी, सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही बिना वाइब्रेटर चलाए निर्माण किया जा रहा है। जिससे आने वाले पहली बरसात में ही नहर में दरारें आ जाएगी और जल्द ही टूटकर पानी में बह जाएगी। किसानों की खेतों तक पर्याप्त पानी पहुंचाने के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा माईनर नहरों का विस्तार करते हुए नए नहर निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। मगर इसमें गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है। इसके चलते इसका लाभ किसानों को नहीं मिल पाएगा और अंतिम छोर के खेतों तक नहर का पानी नहीं पहुंच पाएगा। ऐसे में करोड़ों रूपए खर्च का भी कोई फायदा किसानों को नहीं मिलेगा। संबंधित अधिकारी व इंजीनियर के द्वारा निर्माण कार्य का निरिछान ही नहीं किया जाता हैं द्य जिससे नहर निर्माण भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ रहा हैं वहीं सिचाई विभाग के एसडीओ द्विवेदी व ई इम्तियाज़ अहमद सिद्दिकी को कॉल करने पर फोन नहीं उठाया गया।

## कमजोर बेस के कारण निर्माणाधीन नहर में दरारें

ग्रामीणों ने निर्माण कार्य का जायजा लेकर बताया कि 8 का बेस होना चाहिए। लेकिन ठेकेदार द्वारा नाम मात्र का 4 से 5 इंच का बेस डाला जा रहा है। निर्माण सामग्री का उपयोग भी पर्याप्त मात्रा में न कर अनियमितता की जा रही है। इससे नहर में दरारें आएगी और पानी रिसाव होने से नहर टूटने की संभावना रहेगी। नहर टूटने से शासन की राशि बर्बाद होगी साथ ही किसानों की फसल भी चौपट हो सकती है। भ्रष्टाचार का नजारा सोनपूरी में देखने मिला हल्की बारिश से ही सीमेंट व गिट्टी से निर्माण उखाड़ने लगा।

## निर्माण स्थल से समरी बोर्ड गायब

राज्य सरकार का नियम है कि किसी भी प्रकार के शासकीय निर्माण कार्य में मानक सूचना बोर्ड लगाना अनिवार्य है। जिससे आम नागरिकों को उक्त निर्माण कार्य की लागत, मापदंड, संबंधित ठेकेदार के फर्म व संबंधित अधिकारियों का नाम नंबर और संबंधित इंजिनियर, एसडीओ का नाम नंबर पता चले। लेकिन ठेकेदार द्वारा भ्रष्टाचार करते हुए नहर निर्माण कार्य तो तीव्र गति से चलाया जा रहा है लेकिन ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य के दौरान मानक बोर्ड नही लगाया गया है जिस पे स्थानीय लोगो और जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह लगाया है।

## बिना धुरमुस चलाए नहर निर्माण का कार्य

पूरे नहर निर्माण कार्य में कही भी ठेकेदार द्वारा धुरमुस या मुरुम को दबाने के लिए किसी भी औजार का उपयोग नहीं किया जा रहा है। जिससे गुणवत्ता पर सवाल उठना लाजिमी है। ज्ञात हो की धुरमुस चलाने से सिमेंट, गिट्टी मटेरियल की खपत ज्यादा होती है। जिसको बचाने के लिए ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण किया जा रहा है, जो आने वाले समय में नहर टूट जाएगी और जिन किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए यह नहर निर्माण किया जा रहा है इस घटिया निर्माण से उन्ही किसानों की पानी नहीं मिल पाएगी।



### ग्रामीण करेंगे मुख्यमंत्री से शिकायत

ग्राम पंडरापथरा के उपसरपंच अमरीश विग ने बताया की निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन कराया जा रहा हैं नहर से किसानों को पानी नहीं मिल सकता इससे किसानों को इसका लाभ भी नहीं मिल पायेगा इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से किया जाएगा।

## एक नजर

### संयुक्त कलेक्टर उर्वशा एवं नायब तहसीलदार सुश्री पटेल हुए भारमुक्त

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर भीम सिंह द्वारा जिले में पदस्थ/कार्यरत संयुक्त कलेक्टर युगल किशोर उर्वशा तथा नायब तहसीलदार सुश्री अनुराधा पटेल को शासन के आदेशानुसार हुए स्थानांतरण के फलस्वरूप उर्वशा को नवीन पदस्थापना स्थान जिला-बेमेतरा एवं सुश्री पटेल को नवीन पदस्थापना स्थान जिला-जांजगीर-चाम्पा में कार्यभार ग्रहण करने हेतु आज अपरान्ह जिले से भारमुक्त किया गया है।

### प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना अंतर्गत 30 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए है। जिन आवेदकों की आयु 18 वर्ष से अधिक हो वे इस योजना के अंतर्गत 30 जुलाई 2022 तक खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के वेबसाईट (http://www.kvic online.gov.in/pmegp /pmegpweb/)में ऑनलाईन आवेदन कर सकते है अथवा कार्यालयीन समय पर वांछित दस्तावेजों के साथ कार्यालय के माध्यम से आवेदन कर सकते है। आवेदक आवेदन जमा करने के लिए निम्नांकित दस्तावेज जैसे परियोजना प्रतिवेदन की प्रति, आधार कार्ड, शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता संबंधी प्रमाण-पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण-पत्र एवं जाति प्रमाण-पत्र (यदि हो), ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र+जनसंख्या प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट आकार का फोटो एवं उद्यमिता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र (यदि हो) जमा कर सकते है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत अधिकतम स्वीकार्य लागत निर्माण/ उद्योग इकाईयों हेतु 25 लाख एवं सेवा इकाईयों हेतु 10 लाख है। योजना में निर्माण क्षेत्र में 10 लाख और सेवा क्षेत्र में 5 लाख से अधिक की परियोजनाओं में लाभार्थी को न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। कुल परियोजना लागत में निर्धारित नियमानुसार 15 प्रतिशत से 35 प्रतिशत अनुदान राशि देय होगा। कोई भी व्यक्ति अथवा उनके परिवार के सदस्य जो पूर्व में भारत सरकार या राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत अनुदान प्राप्त कर लाभान्वित हुए है इस योजना के लिए पात्र नहीं होगें। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति कार्यालयीन समय में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी के पद पर संविदा भर्ती के लिए पात्र-अपात्र सूची जारी

13 जून तक दावा आपत्ति आमंत्रित

**जगदलपुर** । कार्यालय संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं बस्तर संभाग द्वारा सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के पद पर संविदा भर्ती हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण के उपरांत पात्र-अपात्र की सूची जारी कर दी गई है। जारी किए गए सूची के संबंध में दावा-आपत्ति 13 जून को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित की गई है। प्रकाशित सूची के संबंध में किसी आवेदक को आपत्ति होने पर संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जगदलपुर के कार्यालय में निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

### विद्यार्थी 15 जुलाई तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

**राजनांदगांव** । आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखने वाले विद्यार्थी नवीन एवं नवीनीकरण हेतु ऑनलाईन आवेदन 15 जुलाई 2022 तक वेबसाईट पर आवेदन की कार्रवाई कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग राजनांदगांव एवं संबंधित संस्था से प्राप्त कर सकते हैं।

### वैक्सिनेशन के लिए पेण्ड्री में मेगा कैम्प

**राजनांदगांव** । स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 11 जून 2022 को एक दिवसीय टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में एक दिवसीय टीकाकरण शिविर का आयोजन भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेण्ड्री राजनांदगांव में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। शिविर में 18 से 59 आयु वर्ग के हेल्थ केयर वर्कर, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेण्ड्री, शासकीय व निजी नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों एवं स्टॉफतथा 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी नागरिकों को कोविड-19 का द्वितीय एवं बूस्टर डोज का निःशुल्क टीकाकरण लगाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी ने कोविड-19 टीकाकरण से छूटे व्यक्तियों को निर्धारत टीकाकरण स्थल पर आवश्यक रूप से टीकाकरण करवाने की अपील की गई है।

# बागबाहरा पुलिस ने की तबातोड़ कार्यवाही, शराब बेचने वालों के उड़े होश

जोहार छत्तीसगढ़-बसना।

अधीक्षक विवेक शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा टेम्भूरकर तथा अनुविभागीय अधिकारी कपिल चंद्रा के निर्देशन में बागबाहरा क्षेत्र में चल रहे अवैध शराब बिक्री पर लगातार नजर रखी जा रही है मुखबिर सूचना पर ग्राम मौलीमुड़ा तालाब के मेड में आरोपी दूर्गेश साहू पिता केशवराम साहू उम्र 25 वर्ष साकिन मौलीमुड़ा थाना बागबाहरा जिला महासमुंद के कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में रखी उडिसा राज्य निर्मित जेब्रा ब्राण्ड देशी कच्ची महुआ शराब 40 पाउच प्रत्येक में 200-200 एमएल




भरी हुयी जुमला 8000 एमएल कीमती 2000 रूपये एवं बिक्री रकम 600 रूपये जुमला कीमती 2600 रूपये को समक्ष गवाहन मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया । आरोपी का कृत्य अपराध धरा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपी दूर्गेश? साहू को विधिवत गिरफ्तार कर मामला अजमानतीय पाये जाने पर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजी गयी। आरोपी के विरूद्ध थाना बागबाहरा में अपराध क्रमांक 115/2022 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उप-निरीक्षक स्वराज त्रिपाठी, सउनि जनक लाल पटेल ,आरक्षक एकलब्य बैस ,आरक्षक मेहत्तर साहू का विशेष योगदान रहा।

# सूचना पर प्रशासन ने तत्काल रोका बाल विवाह

**बीजापुर** । भोपालपटनम ब्लॉक के ग्राम रामपेटा में अज्ञात व्यक्ति के माध्यम से आज दोपहर में महिला एवं बाल विकास विभाग को बाल विवाह होने की सूचना मिली जिस पर प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही करते हुए जिला बाल संरक्षण विभाग एवं परियोजना भोपालपटनम की टीम को मौके के लिए रवाना किया। ग्राम रामपेटा में विवाह कराये जाने वाले बालक-बालिका के उम्र सत्यापन के लिए प्रमाण पत्रों की जांच की गई एवं सत्यापन में पाया गया कि बालक एवं बालिका दोनो ही नाबालिक है। विवाह में उपस्थित परिवार एवं मेहमानों से चर्चा उपरांत दोनों पक्षों द्वारा बताया गया कि उन्हें बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी नहीं है। अधिनियम की जानकारी के अभाव में यह विवाह आयोजित किया गया था। यदि जानकारी होती तो विवाह नहीं किया जाता। तत्पश्चात टीम द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी देते हुए यह बताया गया कि कम उम्र में बाल विवाह ना करवाने एवं बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों को बताते हुए बालिका की उम्र 18 वर्ष एवं बालक की उम्र 21 वर्ष के बाद ही विवाह करवाने के बारे में बताया गया है। विवाह स्थल में उपस्थित परिवार एवं ग्रामीणों को समझाया गया, लड़का एवं उनके परिजन द्वारा सहमति दी गई। बाल विवाह कराने पर 02 वर्ष के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि एक लाख रूपये हो सकता है अथवा दोनो से दंडित किया जा सकता है। ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति व नगरीय निकाय में वार्ड स्तर पर बाल संरक्षण समिति का गठन किया गया है। गठित टीम को बाल विवाह होने की सूचना दी जा सकती है साथ ही जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग को सूचित किया जा सकता है एवं निकटतम ऑगनबाड़ी की कार्यकर्ता को सूचना दी जा सकती है।

# खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री अमरजीत भगत ने किया, देवगढ़ ग्राम पंचायत में सीसी रोड का भूमि पूजन

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।

आज सीतापुर के दौरे में रहे सुबे के विधायक व छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री अमरजीत भगत ने सीतापुर जनपद के ग्राम पंचायत देवगढ़ में बनने वाले सीसी रोड का विधि विधान से भूमि पूजन किया। वहीं देवगढ़ के माझा पारा से मोरडा पारा पुलिया तक करीब 10 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड बनेगा, सीसी रोड को ग्राम पंचायत द्वारा बनाई जाएगी।



आपको बता दें कि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री अमरजीत भगत ने कहा, कि सीसी रोड बनेगा तो बारह मासी आवागमन में सुविधा होगी। बरसात में जो आवागमन में तकलीफ होती थी उससे ग्राम वासियों को छुटकारा मिलेगा और वहीं कीचड़ वाले कच्ची सड़क से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि सड़क गुणवत्तापूर्ण बने इसके लिए मोहल्ले वासी इसकी निगरानी भी रखें। ताकि ग्राम पंचायत का दायित्व है कि समय पर काम को पूरा कराये । उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ग्रामीण क्षेत्रो में लोगो के सहूलियत के लिए सड़क, पुल पुलियों का निर्माण लगातार कर रही है। वहीं आज की घोषणा में मंत्री अमरजीत भगत ने प्राथमिक व माध्यमिक शाला बनाने की घोषणा की, वही 125 परिवार को गरीबी रेखा राशन कार्ड वितरण किया व 75 लोगों को विकलांग कार्ड भी वितरण किया, वह स्वेच्छा दान भी वितरण किया आज की इस कार्यक्रम में तकरीबन 100 लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर मंत्री को ज्ञापन सौंपा है।

# घर में घुसकर बर्तन व अन्य समान चोरी करने वाले आरोपियों को रतनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



घर में घुसकर बर्तन व अन्य समान चोरी करने वाले आरोपी को रतनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार प्रार्थी चंदराम श्याम निवासी भदरापारा बेलतरा थाना रतनपुर में दिनांक 9 जून 2022 को थाना रतनपुर उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 6 जून 2022 से 7जून 2022 की दरमियानी रात कोई अज्ञात चोर इसके घर में घुसकर बर्तन व अन्य सामग्री जूमला कीमती 20,000 रूपये को चोरी कर ले गया कि रिपोर्ट से अपराध सदर कायम कर विवेचना, में लिया गया दौरान विवेचना मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर 02 संदिग्ध व्यक्ति को अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पुछताछ करने पर इस प्रकरण में मशरूका चोरी करना स्वीकार किये, आरोपीयो के मेमोरेण्डम के आधार पर चोरी किए गए सामग्री को बरामद कर आरोपियों को माननीय न्यायालय कोटा में पेश किया गया है। आरोपियो के मान. न्याया. के आदेशानुसार न्यायिक रिमाण्ड पर केन्द्रीय जेल बिलासपुर दाखिल किया गया है गिरफ्तार आरोपी विष्णु नेताम पिता बुधवार सिंह नेताम उम्र 40 साल, राधेकृष्ण पिता आशाराम मरावी उम्र 30 साल दोनो निवासी भदरापारा बेलतरा थाना रतनपुर।

# उमस में न हों बेबस और लू से बचें

## पीलिया, टायफायड जैसी बीमारियों के होने की प्रबल संभावना

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



## शरीर में पानी की कमी नहीं होने दें-डॉ. नीरज मिश्रा

जिले में महीने भर से तापमान 40 से 46 डिग्री के आसपास चल रहा है। मौसम विभाग की मानें तो अगले तीन दिन तक उमस में भी बढ़ोतरी की संभावना है। अगले मंगलवार से मौसम बदलने की संभावना है। मॉनसूनल से पहले की बारिश के कारण जिन दिनों मौसम ठंडा रहता है, इस बार लू चलने की स्थिति है। ऐसे में लोगों को धूप में निकलने से पहले उससे बचने के पूरे जतन करने होंगे। अशर्फी देवी चिकित्सालय के प्रमुख डॉ रूपेंद्र पटेल एमडी मेडिसिन कहते हैं बारिश ठीक से न हो और धूप तेज पड़े तो माहौल में उमस काफी बढ़ जाती है। ऐसे में सिरदर्द, घबराहट, बेचैनी, उलटी दस्त, गले में खराबी, जुकाम और बुखार की चपेट में लोग तेजी से आ जाते हैं। उमस के दिनों में कई बार लोग शरीर में पानी की कमी की वजह से बेहोश हो जाते हैं। बेहोशी की मुख्य वजह दिमाग में ब्लड सर्कुलेशन का कम होना है। पसीना ज्यादा आने, बीपी लो हो जाने, शरीर में शुगर लेवल कम हो जाने और नब्ज या धड़कन कम हो जाने की शिकायतें भी बेहोशी या चक्कर खाकर गिर पड़ने के कारण हैं। उमस ज्यादा बढ़ने से घुटन के कारण बेहोशी के मामले ज्यादा होते हैं। घुटन से बीपी लो हो जाता है। पल्स तेज हो जाती है। शरीर में नमक, पानी और पोटैशियम आदि इलेक्ट्रॉलाइट्स की कमी हो जाती है। दिल और दिमाग पर भी असर पड़ जाता है। इससे भी बेहोशी आती है। क्योंकि हमारा इम्यून सिस्टम फ ौरन सक्रिय होकर शरीर की रक्षा में लग जाता है। मौसम के बारे में प्रोफेसर रितेश शर्मा बताते हैं। धूप तेज है और बीच-बीच में बादल के कारण तापमान में कमी ज्यादा तो नहीं आएगी लेकिन बादलों के कारण उमस बढ़ जाएगी। ऐसे में लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में गर्मी से बचने के लिए भरपूर पानी, शीतल पेय और फलों के रस का सेवन करते रहें, ताकि आपको किसी प्रकार की दिक्कत या लू का सामना नहीं करना पड़े। फिलहाल प्रदेश में मौसम शुष्क है। चार दिन बाद जिले में बारिश के आसार हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in